दैनिक
# करंट क्राइम
www.currentcrime.com
सिर्फ सच...
दिल्ली व गाजियाबाद से एक साथ प्रकाशित




● नई दिल्ली। बुधवार 12 मार्च-2025 | ● वर्ष : 10 अंक : 82 पेज-27 | ● RNI NO. DELHIN/2015/65364 | ● मूल्य : ₹3



# संभल : कड़ी सुरक्षा में निकला रंग एकादशी की चौपाई का जुलूस






## श्रद्धालुओं ने बरसाया गुलाल, झांकियों ने मोहा मन

## मस्जिद मार्ग के पास तैनात रहा भारी पुलिस बल




### सीओ अनुज चौधरी और एसडीएम वंदना मिश्रा ने की पूजा-अर्चना

रंगभरी एकादशी के इस जुलूस की शुरूआत सीओ अनुज चौधरी और एसडीएम वंदना मिश्रा ने खाटू श्याम जी की झांकी के समक्ष पूजा-अर्चना और आरती करके की। जुलूस में 101 निशान (झंडे) लेकर चल रहे श्रद्धालु भक्ति गीतों पर झूमते नजर आए। इस दौरान शहर के विभिन्न हिस्सों से होते हुए मुख्य बाजार और संवेदनशील इलाकों से गुजरता हुआ यह जुलूस सूर्यकुंड तीर्थ पर संपन्न हुआ।
पिछले वर्ष 24 नवंबर को शाही जामा मस्जिद के सर्वे के दौरान भड़की हिंसा को देखते हुए इस बार सुरक्षा के पुख्ता इंतजाम किए गए थे। जवानों को जुलूस के मार्ग पर तैनात किया गया, जबकि एएसपी श्रीशचंद्र और सीओ अनुज चौधरी खुद सुरक्षा व्यवस्था संभालते नजर आए। जुलूस के दौरान हर गतिविधि पर उउळश कैमरों से नजर रखी गई और संवेदनशील इलाकों में अतिरिक्त पुलिस बल को मुस्तैद किया गया।

**संभल।** यूपी के संभल पर होली का रंग चढ़ने लगा है। रंगभरी एकादशी के अवसर पर शहर में चौपाई जुलूस निकाला गया। इस दौरान कड़ी सुरक्षा-व्यवस्था रही। इस जुलूस में श्रद्धालुओं ने अबीर-गुलाल उड़ाकर जमकर जश्न मनाया। खास बात यह रही जुलूस संभल हिंसा वाली जगह से मात्र 100 मीटर और विवादित स्थल यानी जामा मस्जिद से महज 15 मीटर की दूरी से गुजरा।

रंगभरी एकादशी के इस जुलूस की शुरूआत चर्चित सीओ अनुज चौधरी और एसडीएम वंदना मिश्रा ने खाटू श्याम जी की झांकी के समक्ष पूजा-अर्चना और आरती करके की। जुलूस में 101 निशान (झंडे) लेकर चल रहे श्रद्धालु भक्ति गीतों पर झूमते नजर आए। इस दौरान शहर के विभिन्न हिस्सों से होते हुए मुख्य बाजार और संवेदनशील इलाकों से गुजरता हुआ यह जुलूस सूर्यकुंड तीर्थ पर संपन्न हुआ।गौरतलब हो कि पिछले वर्ष 24 नवंबर को जामा मस्जिद के सर्वे के दौरान भड़की हिंसा को देखते हुए इस बार सुरक्षा के पुख्ता इंतजाम किए गए थे। फ्फ्क्ष्ठ और ढअउ के जवानों को जुलूस के मार्ग पर तैनात किया गया था। वहीं, एएसपी श्रीशचंद्र और सीओ अनुज चौधरी खुद सुरक्षा व्यवस्था संभालते नजर आए। जुलूस के दौरान हर गतिविधि पर उउळश कैमरों से नजर रखी गई। स्थानीय निवासी अजय अग्रवाल के अनुसार, यह जुलूस पिछले 50 वर्षों से निकाला जा रहा है और इसे देखने व इसमें भाग लेने के लिए दूर-दूर से लोग आते हैं। दरअसल, संभल पुलिस के लिए यह आयोजन होली के पहले कानून-व्यवस्था बनाए रखने की एक बड़ी परीक्षा थी, जिसे उन्होंने पास कर लिया है। किसी भी प्रकार की अप्रिय घटना की कोई सूचना नहीं मिली। अधिकारी इस आयोजन को शांतिपूर्वक निपटाने में सफल रहे।

श्री श्याम सेवा समिति द्वारा निकाले गए इस जुलूस में दर्जनभर से अधिक मनमोहक झांकियां प्रदर्शित की गईं। बाबा श्याम की शोभायात्रा में शामिल श्रद्धालु श्सब मंगलमय होश् की कामना करते हुए भक्ति में लीन नजर आए। स्थानीय निवासी अजय अग्रवाल के अनुसार, यह जुलूस पिछले 50 वर्षों से निकाला जा रहा है और इसे देखने व इसमें भाग लेने के लिए दूर-दूर से लोग आते हैं।

### संभल पुलिस की पहली परीक्षा में सफलता

संभल पुलिस के लिए यह आयोजन होली के त्योहार से पहले कानून व्यवस्था बनाए रखने की एक बड़ी परीक्षा था, जिसे उन्होंने सफलतापूर्वक संपन्न कराया।

# त्रिदेव मंदिर में सजी तीनों विग्रह की झांकी

## बाबा विश्वनाथ व मां गौरा का दर्शन कर भक्त निहाल



**वाराणसी।** त्रिदेव मंदिर सेवक परिवार की ओर से त्रिदेव मंदिर में तीनों विग्रहों की रंग-बिरंगे फूलों से झांकी सजाई गई। एकादशी पर मां पार्वती और बाबा विश्वनाथ की जीवंत झांकी के साथ तीनों विग्रहों की झांकी के दर्शन कर श्रद्धालु निहाल हो उठे। श्रद्धालुओं ने गुलाब और केसर चढ़ाकर आशीर्वाद लिया।

सोमवार को कोलकाता से आए पाठ वाचक संदीप सुल्तानिया ने नृत्य नाटिका के साथ समाज की महिलाओं ने श्री श्याम अखंड ज्योति का पाठ किया। कोलकाता के कलाकारों ने श्याम जी के चरित्र पर जीवंत झांकी प्रस्तुत की। भजन संध्या में स्थानीय मंडलों के कलाकारों ने श्याम धणी आओ आज होली खेलगा..., किस्मत वालों को मिलता है श्याम तेरा दरबार..., हारे हारे हारे हारे का सहारा तू श्याम बाबा... भजनों की रसधार बहाई। प्रभु को सवामणि प्रसाद चढ़ाकर श्रद्धालुओं ने वितरण किया गया। संस्था के अध्यक्ष भरत सराफ, मंत्री राधे गोविंद केजरीवाल ने तीनों विग्रहों की आरती उतारी।

संयोजन में अनूप सराफ, सुरेश तुलस्यान, पवन अग्रवाल, दिलीप बजाज, सुनील अग्रवाल, राम बूबना आदि शामिल थे। प्रचार मंत्री सुरेश तुलस्यान ने बताया कि त्रिदेव मंदिर सेवक परिवार की ओर से मंगलवार को सुबह 8 बजे धर्मसंघ से निशान यात्रा निकाली जाएगी।

# होली पर बन रहे हैं चार मंगलकारी योग

## विशेष संयोग से मिलेगी सुख-समृद्धि और मानसिक शांति

**नई दिल्ली।** होली का त्योहार खुशी, प्यार और रंगों के साथ मनाया जाता है - एक ऐसा अवसर जिसका पूरे भारत में लोग बेसब्री से इंतजार करते हैं। जैसे-जैसे त्यौहार नजदीक आता है, परिवार गुजिया तैयार करते हैं, रंगों का स्टॉक करते हैं और खुशियों से भरे उत्सव में शामिल होने के लिए पानी के गुब्बारे और पिचकारियाँ इकट्ठा करते हैं। हर साल, इस बात को लेकर उत्सुकता रहती है कि क्या होली और होलिका दहन एक ही दिन पड़ेंगे और उत्सव कब मनाया जाना चाहिए।



2025 में होली का पर्व विशेष ज्योतिषीय संयोगों के साथ मनाया जाएगा। इस वर्ष की होली के दिन 14 मार्च को फाल्गुन पूर्णिमा होगी और शिववास योग का दुर्लभ संयोग बन रहा है। इसके अलावा चंद्र ग्रहण, अभिजीत मुहूर्त, और कई अन्य मंगलकारी संयोग बन रहे हैं। इन संयोगों का सही प्रकार से उपयोग करने से व्यक्ति को शांति, समृद्धि, और सुख प्राप्त हो सकते हैं। आइए जानते हैं इन शुभ योगों और मुहूर्त के बारे में विस्तार से।

## बाहुबली की तलवार...पुष्पा की कुल्हाड़ी रंग से करेगी वार

# होली के लिए सज गया बाजार

**कानपुर।** कानपुर में होली के लिए पिचकारी और रंग का बाजार सज गया है। देशी पिचकारियों से बाजार पटे हैं। बाहुबली की तलवार और पुष्पा की कुल्हाड़ी स्टाइल पाइप पिचकारी बच्चों को खूब भा रही है। इस बार चार्ज होने वाली पिचकारी भी बाजार में है। आसमान में दगने वाले पटाखों की तरह आसमान को रंगने वाले कलर शॉट भी बाजार में हैं। फलों से बने रंग व अलग-अलग फ्लेवर वाले आइस्क्रीम गुलाल बाजार में छाए हैं। होली के लिए हटिया और पुराना जनरलगंज में थोक दुकानें लग चुकी हैं।



इसके अलावा गुमटी नंबर पांच, गोविंदनगर, किदवईनगर, बर्रा दो, कर्रही, लालबंगला, कल्याणपुर, पीरोड, सीसामऊ बाजार, नवीन मार्केट, बिरहानारोड, एक्सप्रेस रोड समेत शहरभर के अलग-अलग फुटकर बाजारों में भी दुकानें सज गई हैं। थोक बाजार पूरे शहर के अलावा देश के कई राज्यों को अलग-अलग रंग और गुलाल से सरोबार करता है। होली में 5000 टन से ज्यादा रंग और गुलाल

# गैंगस्टर अमन साहू एनकाउंटर में ढेर

## दिन-दहाड़े डीजीएम को मारी गई थी गोली, लॉरेंस बिश्नोई गैंग से भी था अमन का संबंध

**झारखंड।** झारखंड के कुख्यात गैंगस्टर अमन साहू को स्पेशल टास्क फोर्स ने आज एनकाउंटर में ढेर कर दिया है। पुलिस से मिली जानकारी के मुताबिक अमन साहू ने एसटीएस जवान से इंसास राइफल छीनकर भागने की कोशिश की। इस दौरान उसने जवान पर गोली चलाई। हमले में जवान घायल हो गया। फायरिंग के बाद एसटीएफ ने जवाबी कार्रवाई करते हुए कुख्यात गैंगस्टर को ढेर कर दिया। जख्मी हवलदार का नाम राकेश कुमार है। उन्हें मेदिनीनगर के अस्पताल में भर्ती कराया गया है।

गैंगस्टर अमन साहू फिलहाल छत्तीसगढ़ की राजधानी रायपुर के जेल में था, जहां से उसे झारखंड की राजधानी रांची लाया जा रहा था। इस बीच पलामू के चैनपुर के पास उसने भागने की कोशिश की और पुलिस ने एनकाउंटर में उसे ढेर कर दिया। पलामू की एसपी रेशमा रमेशन ने एनकाउंटर की पुष्टि की है। बताया जा रहा है कि मौके से 2 बम भी बरामद किए गए हैं।

बता दें कि अमन साहू का नाम एनटीपीसी डीजीएम मर्डर केस में भी सामने आया था। हाल ही में 8 मार्च को झारखंड के हजारीबाग जिले में एनटीपीसी के डीजीएम रैंक के अधिकारी कुमार गौरव की अज्ञात हमलावरों ने गोली मारकर हत्या कर दी थी। हमलावरों ने घात लगाकर इस वारदात को अंजाम दिया था और मौके से फरार हो गए थे।



गैंगस्टर अमन साहू फिलहाल छत्तीसगढ़ की राजधानी रायपुर के जेल में था, जहां से उसे झारखंड की राजधानी रांची लाया जा रहा था। इस बीच पलामू के चैनपुर के पास उसने भागने की कोशिश की और पुलिस ने एनकाउंटर में उसे ढेर कर दिया। पलामू की एसपी रेशमा रमेशन ने एनकाउंटर की पुष्टि की है।

**हत्याकांड से जुड़ा था अमन साहू का नाम :** वारदात को उस समय अंजाम दिया गया था, जब डीजीएम कुमार गौरव सुबह एनटीपीसी के केरेडारी स्थित दफ्तर जा रहे थे। कुमार गौरव की पीठ में गोली लगी थी, उन्हें अस्पताल ले जाया गया था, जहां डॉक्टरों ने उन्हें मृत घोषित कर दिया था। इस हत्याकांड से अमन साहू का नाम जोड़ा जा रहा था।

**नक्सली भी रह चुका था कुख्यात गैंगस्टर :** अमन साहू, रांची के छोटे से गांव मतबे का रहने वाला था। उस पर झारखंड में रंगदारी, हत्या, एक्सटॉर्शन सहित 100 से ज्यादा मामले दर्ज थे। वह एक समय में हार्डकोर नक्सली भी रह चुका था और करीब 2013 में उसने अपना गैंग बनाया था। कोरबा में हुए गोलीकांड के बाद रायपुर पुलिस ने उसके 4 गैंग सदस्यों को गिरफ्तार किया था। हाल ही में रायपुर के शंकर नगर इलाके में एक व्यापारिक साझेदार के घर के बाहर फायरिंग की घटना के बाद से रायपुर पुलिस उसे पकड़कर पूछताछ कर रही थी।

अमन साहू का नाम कुख्यात गैंगस्टर लॉरेंस बिश्नोई से भी जोड़ा जाता था। सूत्रों के मुताबिक, अमन लॉरेंस को गुर्गे सप्लाई करता था और बदले में हाईटेक हथियार प्राप्त करता था।

# पूर्व सीएम अरविंद केजरीवाल को लगा बड़ा झटका

## सरकारी धन के दुरुपयोग मामले में एफआईआर का आदेश, गिरफ्तार होंगे?

**नई दिल्ली:** आम आदमी पार्टी के मुखिया और दिल्ली के पूर्व मुख्यमंत्री अरविंद केजरीवाल की मुश्किलें बढ़ सकती हैं। दिल्ली एक अदालत ने अरविंद केजरीवाल के खिलाफ एफआईआर दर्ज करने के लिए कहा है। यह मामला सरकारी पैसों के कथित दुरुपयोग से जुड़ा है। अदालत ने पुलिस को एफआईआर दर्ज करने का निर्देश दिया है। दिल्ली की राउज एवेन्यू कोर्ट ने पूर्व मुख्यमंत्री अरविंद केजरीवाल और अन्य के खिलाफ सार्वजनिक धन के दुरुपयोग के मामले में एफआईआर दर्ज करने का आदेश दिया है।

**2019 के होर्डिंग मामले में कोर्ट का आदेश :** पूरा मामला साल 2019 में द्वारका में बड़े होर्डिंग लगाने का है। कोर्ट ने द्वारका साउथ पुलिस को 18 मार्च तक अनुपालन रिपोर्ट दाखिल करने का निर्देश दिया है। केजरीवाल के अलावा पूर्व विधायक गुलाब सिंह और पार्षद नितिका शर्मा भी आरोपी हैं। होली के बाद एफआईआर दर्ज होने की उम्मीद है। राउज एवेन्यू कोर्ट ने एक याचिका पर सुनवाई करते हुए ये फैसला सुनाया। याचिका में केजरीवाल और अन्य पर सरकारी धन के दुरुपयोग का आरोप लगाया गया था।



### क्या केजरीवाल की बढ़ेंगी मुश्किलें?

सितंबर 2022 में मेट्रोपॉलिटन मजिस्ट्रेट ने शिकायत खारिज कर दी थी। बाद में सत्र न्यायाधीश ने मामला वापस मजिस्ट्रेट कोर्ट भेज दिया। विशेष न्यायाधीश ने मामले की नए सिरे से सुनवाई करने को कहा था। अब राउज एवेन्यू कोर्ट ने एफआईआर दर्ज करने का आदेश दिया है। यह फैसला केजरीवाल के लिए एक बड़ा झटका माना जा रहा है।

### क्या है मामला

दरअसल, 2019 में कोर्ट के समक्ष दाखिल शिकायत में आरोप लगाया गया था कि केजरीवाल, पूर्व आप विधायक गुलाब सिंह और द्वारका की पार्षद नितिका शर्मा ने इलाके में विभिन्न जगहों पर बड़े आकार के होर्डिंग लगाकर जानबूझकर सार्वजनिक धन का दुरुपयोग किया है।

इसके बाद मेट्रोपॉलिटन मजिस्ट्रेट ने सितंबर 2022 में शिकायत को खारिज करते हुए एक आदेश पारित किया था। इसके बाद सत्र न्यायाधीश ने मामले को मजिस्ट्रेट अदालत में वापस भेज दिया था। इस मामले में विशेष न्यायाधीश ने मजिस्ट्रेट अदालत से मामले की नए सिरे से सुनवाई करने को कहा था।

दरअसल, अरविंद केजरीवाल ने चुनाव प्रचार के दौरान हरियाणा सरकार पर यमुना के पानी में जहर मिलाने का आरोप लगाया था. इसको लेकर शाहबाद निवासी जगमोहन मनचंदा ने शिकायत दर्ज कराई।

### राउज एवेन्यू कोर्ट ने दिए एफआईआर का आदेश

कोर्ट ने माना कि केजरीवाल और अन्य नेताओं पर मामला बनता है। कोर्ट ने 156(3) सीआरपीसी के तहत याचिका स्वीकार कर ली। द्वारका साउथ पुलिस को एफआईआर दर्ज करने का आदेश दिया गया है। पुलिस को 18 मार्च तक अनुपालन रिपोर्ट भी देनी होगी। यह मामला 2019 का है। तब एक शिकायत दर्ज कराई गई थी। शिकायत में आरोप था कि केजरीवाल, गुलाब सिंह और नितिका शर्मा ने द्वारका में बड़े-बड़े होर्डिंग लगाए। इसके लिए सरकारी पैसों का दुरुपयोग किया गया।

# होली पर भीड़ को नियंत्रित करने को चलेंगी 350 स्पेशल ट्रेनें

**नई दिल्ली।** होली पर उमड़ने वाली भीड़ नियंत्रण के लिए रेलवे ने तैयारी पूरी कर ली है। ट्रेन संचालन और भीड़ नियंत्रण के लिए मिनी कंट्रोल रूम सभी स्टेशनों पर बनाया गया है। जहां 360 डिग्री सीसीटीवी कैमरे समेत अन्य आधुनिक उपकरण लगाया गया है। इसकी निगरानी विशेष ड्यूटी अधिकारी (एसडीओ) करेंगे। मिनी कंट्रोल के साथ बेहतर समन्वय के लिए वाणिज्यिक और आरपीएफ कर्मचारियों को वॉकी टॉकी प्रदान की गई है। इतना ही नहीं वाणिज्यिक टिकट जांच कर्मचारियों (टीटीई) को विशेष वर्दी प्रदान की गई है। ताकि किसी भी आपातकालीन स्थिति में उन्हें आसानी से पहचाना जा सके। निर्बाध टिकट जांच में मदद मिल सके।

दिल्ली रेल मंडल के नई दिल्ली, दिल्ली, निजामुद्दीन, आनंद विहार, गाजियाबाद और पानीपत स्टेशन पर मिनी कंट्रोल रूम तैयार किया गया है। नई दिल्ली और आनंद विहार रेलवे स्टेशन परिसर में भीड़ बढ़ने पर सुरक्षा के लिए विशेष होल्डिंग एरिया बना है। इस जगह पर टिकट बुकिंग काउंटर स्थानांतरित किया गया है ताकि टिकट काउंटर पर भी भीड़ नहीं बढ़ कसे। खास बात है कि बिना टिकट यात्रियों को अब इन स्टेशनों के अंदर जाने की अनुमति नहीं है। केवल उन्हीं यात्रियों को स्टेशन के अंदर जाने की अनुमति है जिनके पास वैध टिकट हैं। मोबाइल टिकटिंग और स्वचालित टिकट वेंडिंग मशीन पर्याप्त संख्या में तैनात की गई हैं।



### अन्य विशेष तैयारियां

- -स्टेशनों पर स्थायी बाहरी वेटिंग एरिया निर्माण।
- -यात्रियों को तब प्लेटफॉर्म पर जाने की अनुमति होगी जब ट्रेन प्लेटफार्म पर लग जाएगी। इससे भीड़भाड़ कम होगी।
- -स्टेशनों पर पूरी तरह से प्रवेश नियंत्रण लागू किया जाएगा।
- -बिना टिकट यात्री, प्रतीक्षा सूची टिकट वाले यात्री बाहरी वेटिंग एरिया में रूकेंगे।
- -स्टेशन पर पहुंचने वाला अनधिकृत प्रवेश सील किया जाएगा।
- -स्टेशनों और आसपास के क्षेत्रों में निगरानी के लिए बड़ी संख्या में कैमरे लगाए जाएंगे।
- -बड़े स्टेशनों पर वार रूम विकसित किया जाएगा। सभी विभागों के अधिकारी कार्य करेंगे।
- -सभी स्टाफ और सेवा कर्मियों को नए डिजाइन का पहचान पत्र दिया जाएगा।
- -प्रमुख स्टेशनों पर एक वरिष्ठ अधिकारी को स्टेशन निदेशक बनाया जाएगा।
- -स्टेशन की क्षमता और उपलब्ध ट्रेनों के अनुसार टिकट बिक्री को नियंत्रित किया जाएगा।

### 350 स्पेशल ट्रेनें दिल्ली के स्टेशनों से चलेंगी

नई दिल्ली रेलवे स्टेशन भगदड़ हादसे के बाद रेलवे ने भीड़ नियंत्रण पर ज्यादा फोकस कर रहा है। किसी तरह से भीड़ अनियंत्रित ना हो इसे ध्यान में रख ज्यादा से ज्यादा संख्या में ट्रेन चलाने का निर्णय लिया गया है। उत्तर रेलवे करीब 350 स्पेशल ट्रेन चलाएगा। इसके साथ ही कई ट्रेन स्टैंड बाय में रहेगा ताकि भीड़ बढ़ते ही स्टेशन से इसे रवाना किया जा सके। रेलवे के अन्य जोन से 754 और कुल 1091 स्पेशल ट्रेन चलाने की तैयारी की गई है।विशेष ट्रेनों में यात्रियों को चढ़ाने के लिए विशेष व्यवस्था की गई है। होली स्पेशल ट्रेनों को चलाने के लिए प्लेटफार्म नंबर 16 को चिह्नित किया गया है। इसके अलावा अधिक व्यस्तता वाली कुछ ट्रेनों को नई दिल्ली स्टेशन के प्लेटफार्म नंबर 16 पर स्थानांतरित किया गया है। नई दिल्ली, आनंद विहार, पुरानी दिल्ली और सराय रोहिल्ला स्टेशन के लिए विशेष योजना बनाई गई है। ट्रेनों में निर्बाध रूप से चढ़ाने के लिए, यह सुनिश्चित किया गया है कि किसी तरह की अप्रिय घटना न हो। कतार विभाजक (सर्पेन्टाइन रूप) तैयार किया गया है।

### ताकि आसानी से आरक्षित टिकट वाले ट्रेन में चढ़ सके

आरक्षित टिकट वाले यात्री

**Ghaziabad Development Authority**
VIKAS PATH, GHAZIABAD
(ISO 9001 : 2015 & ISO 14001 : 2015 certified organization)

**REQUEST FOR PROPOSAL**

Ghaziabad Development Authority (GDA) invites proposal under two-bid system (Technical and Financial) for **"Development of the Ramayan based Theme park and Operation and Maintenance (O&M) for 10 years"** at Koyal Enclave Scheme, Ghaziabad Development Authority, Ghaziabad.

Details of RFP can be downloaded from the website http://etender.up.nic.in from **12.03.2025.**

**Last date of uploading of e-Bid: - 08.04.2025**

**Date of Opening of Technical Bid: - 09.04.2025**

**Date of Opening of Financial Bid: - To be informed Later**

Further enquiry can be made from Executive Engineer (EE Zone-8) on Mobile No. 9568006414 during office hours (10:00 AM to 5:00 PM).

**Chief Engineer**

ई-मेल : helplinegda@gmail.com, : @ Gda Ghaziabad : @ gdagzb
हेल्पलाईन 0120-4418 384, व्हाट्सएप: 9990988004 वेबसाईट: www.gdaghaziabad.in
एक सुन्दर शहर ............ हमारा संकल्प

www.currentcrime.com
दैनिक करंट क्राइम प्रस्तुति













जारी है.....

कॉन्सेप्ट : दीपक भाटी

कला पक्ष : नरेश कुमार शर्मा

# विधायक जी एक साथ पांच विधानसभा कैसे कवर करते हो!







जारी है.....

कॉन्सेप्ट : दीपक भाटी

कला पक्ष : नरेश कुमार शर्मा

## पीएम मोदी ने मॉरीशस के राष्ट्रपति को महाकुंभ का संगम जल भेंट किया

**नई दिल्ली।** प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने मंगलवार को पोर्ट लुईस में मॉरीशस के राष्ट्रपति धरम गोखूल से मुलाकात की और उन्हें महाकुंभ का पवित्र गंगा जल भेंट किया। यह कुंभ 26 फरवरी को संपन्न हुआ और इसमें 660 मिलियन से अधिक तीर्थयात्री त्रिवेणी संगम प्रयागराज में एकत्र हुए, जिससे यह दुनिया का सबसे बड़ा मानव समागम बन गया।

गोखूल को दिसंबर में सर्वसम्मति से मॉरीशस का नया राष्ट्रपति चुना गया



था। उन्होंने पृथ्वीराजसिंह रूपन के उत्तराधिकारी होंगे, जिनका कार्यकाल 2 दिसंबर, 2024 को समाप्त हुआ।

पूर्व शिक्षा मंत्री गोखूल एक प्रतिष्ठित राजनेता हैं, जिनका शानदार करियर शिक्षा, सार्वजनिक सेवा और राजनीति जैसे क्षेत्रों में फैला हुआ है।

# करंट क्राइम परिवार आपके स्वागत के लिए है तैयार

## आज होली महोत्सव में जमेगा ढोल-डीजे से रंग



मनोज गुप्ता (संपादक)

### यही तो अपनेपन के रंगों का करंट है

भारतीय संस्कृति की सबसे बड़ी पहचान इसके त्यौहार है। ऐसे त्यौहार जो पूरे विश्व में भारतीय संस्कृति का ही हिस्सा हैं। त्यौहार का अर्थ ही यही है कि इसे सबके साथ मिलकर सेलीब्रेट किया जाये। पर्व का अर्थ कभी यह नही होता कि केवल खुद या अपने खुद के परिवार के साथ ही किसी खुशी को साझा किया और हो गया त्यौहार। पर्व का अर्थ यह है कि जब हम किसी पंरपरा का पालन करें और पर्व की खुशी को हमेशा अपने और अपने परिजनों के अलावा अन्य लोगो के साथ भी साझा करेकं। करंट क्राइम परिवार की ये परंपरा रही है कि खुशी को हमेशा से अपने पाठकों के साथ सबसे पहले साझा किया जाये। इसी सोच के साथ हमनें होली महोत्सव की शुरूआत की और हमारा मानना है कि किसी भी परंपरा की शुरूआत तो कहीं से भी हो सकती है और हुआ भी ऐसा ही और फिर ये भी हुआ कि आपके प्यार आपके सहयोग और स्नेह के दम पर करंट क्राइम ने होली के उत्सव को महोत्सव में बदल कर एक परंपरा की शुरूआत की। हर वर्ष की तरह इस वर्ष भी हम पूरे हर्ष के साथ दैनिक करंट क्राइम होली महोत्सव में आप सब का स्वागत करने के लिये तैयार हैं। उम्मीद तो ये है कि जितना हम बेकरार है उतना ही हमारे साथ आप भी इस रंग महोत्सव का हिस्सा बनने के लिये बेकरार है। वर्ष 2025 में होली के रंग ले मन में एक उमंग ले के एक बार फिर करंट क्राइम परिवार आपकों खुशियों की बहार में रगंने के लिये तैयार है। ये महज रंग नही हैं बल्कि ये एक अहसास है अपनेपन का, ये गुलाल नही है ये कमाल है आपके और हमारे गहरे रिश्ते का। पूरा शहर इस होली महोत्सव में आज झूम रहा है और हम इस बात से खुद को गौरवमयी महसूस कर रहे हैं कि हमें आपने अहसास कराया कि हम आपके लिये कितने खास है और हम और आप मिलकर एक परिवार है। करंट क्राइम के होली महोत्सव पर ऐसा लगता है कि मानो पूरा शहर और शहर का हर वर्ग होली की मस्ती में झूमने के लिये तैयार है। आज आपके उत्साह को, प्रेम को, स्नेह को नमन करता हूं। इस भाव के आगे तो सही में कई बार मैं निशब्द हो जाता हूं। इतने वर्षो में आपने इस करंट क्राइम अखबार कों, करंट क्राइम परिवार को हमेशा अपना स्नेह दिया है। होली के पावन पर्व की आपको सभी को बधाई शुभकामनाये देता हूं। पावन सनातन परंपरा के पर्व पर मन एक उमंग में हैं और चहुं और तरंग हैं और ये करंट क्राइम का होली महोत्सव हैं। आप के स्वागत के लिये पूरा करंट क्राइम परिवार तैयार है। मैं आपकी सफलता, आपकी कामयाबी की कामना करता हूं और परमपिता परमेश्वर से प्रार्थना करता हूं कि विविधता वाले इस देश में भाषाई एकता बनी रहे। आपस में प्रेम कायम रहे और हम सभी एक दूसरे की हर परंपरा का सम्मान करें। आईये हम सब मिलकर सकंल्प लें कि हम अपने सभी त्यौहार एक जुट होकर मनायेगें और होली केमहा महोत्सव की शुरूआत दैनिक करंट क्राइम होली महोत्सव के साथ करें।




**गाजियाबाद। (करंट क्राइम)।** दैनिक करंट क्राइम होली महामहोत्सव के लिये इंपीरियल फार्महाउस का मैदान तैयार है। टीम करंट क्राइम तैयार है और करंट क्राइम होली महोत्सव को आप के लिये महामहोत्सव मनाने की तैयारी हमने की है। जब आप आएंगे तो ना गुलाल से बच पाएंगे और यहां आपको ब्यूटी पार्लर से लेकर किचन के जायके का स्वाद मिलेगा। डीजे की धुन पर आप कदमों को रोक नहीं पाएंगे और हरियाणा का बीन लहरा आपको झुमा देगा। यहां पान से लेकर खान तक आपके जायके को मजेदार बनाएंगे। होली के महोत्सव में स्वागत के लिये हम नजर आएंगे। होली का पर्व रंगों की फुहार के साथ जीवन में बहार लेकर आ रहा है। दैनिक करंट क्राइम होली महोत्सव में आपका स्वागत है।



### चिंटू का ब्यूटी पार्लर देगा होली रूप निखार

**करंट क्राइम।** आप करंट क्राइम होली महोत्सव में आ रहे है तो आपके स्वागत के लिये चिंटू का ब्यूटी पार्लर तैयार है। चिंटू जी के इस ब्यूटी पार्लर में आपको एक नहीं कई प्रकार के हेयरस्टाइल मिल सकते हैं। यहां के चश्मों का लुक आपको एक अलग ही लुक देगा। करंट क्राइम होली महोत्सव के लिये चिंटू जी कुछ स्पेशल लेकर आए हैं। जब आप होली महोत्सव में आएंगे तो यहां पर चिंटू जी आपको सजाएंगे।

### बीन का लहरा आपके कदमों को लहराएगा



**करंट क्राइम।** भारतीय संस्कृति अनेकता में अनेकता है। विविधता इसी का नाम है और जब आप करंट क्राइम होली महोत्सव में पहुंचेगे तो यहां राजस्थान-हरियाणा का मशहूर बीन का लहरा आपके कदमों को लहरने पर मजबूर करेगा। ये विशुद्ध रूप से भारतीय संस्कृति पर आधारित है। इसमें आप ग्रामीण परिवेश का आनंद ले सकते हैं और गाजियाबाद के लिये होली महोत्सव की एक विशेष अनुभूति होगी।



### जब खेलेंगे कुंज बिहारी, फूलों की वर्षा भारी

**करंट क्राइम।** होली का पर्व हो और फूलों की होली ना हो ऐसा नहीं हो सकता। करंट क्राइम के होली महोत्सव में होली के बृज रसियाओं को भक्ति भाव में विभोर करने का पूरा इंतजाम किया गया है। बृज की होली के रसिया जब यहां चलेंगे तो भक्ति का रंग बरसेगा। फूलों की होली होगी और कृष्ण भक्तों के पांव अपने आप थिरकेंगे। होली का रंग फूलों के संग होगा।

### होली पर रहेगी कैमरे की नजर, मैदान के हर छोर से



**करंट क्राइम।** करंट क्राइम के होली महोत्सव में कैमरे की नजर आप पर रहेगी। ये नजर आपके लिये ही है और आपके फोटो के हर अंदाज के कैमरा कवर करेगा। आप जमीन पर नाचेंगे तो ड्रोन से फोटोग्राफी होगी। आप मंच पर नाचेंगे तो वीडियो भी होगा, स्टिल भी होगा। ड्रोन से ये फोटोग्राफी होगी।

### चलेगा लाइव और आप तक पहुंचेगा लिंक

**करंट क्राइम।** जब करंट क्राइम होली महोत्सव में आप पहुंचेंगे तो आप अपने ईष्ट मित्रों को बता सकते हैं कि होली महोत्सव में कैसा रंग बरस रहा है। दैनिक करंट क्राइम होली महोत्सव का लाइव मैदान के हर कोने से चलेगा और बड़ी बात ये है कि आप तक इसका लिंक पहुंचेगा। आप स्वयं को देख सकते हैं, आप इस पल का आनंद उठा सकते हैं। होली महोत्सव के लिये ये विशेष इंतजाम किया गया है।






### लुभाएगा आपको कांजी बड़े से लेकर स्पेशल कुल्फी का स्वाद



**करंट क्राइम।** त्योहार हो और पकवान ना हो, ऐसा कैसे हो सकता है। पकवान हो, लेकिन कोई नुकसान ना हो इसका ध्यान हमने रखा है। यहां विशेष रूप से हाईजीनिक व्यंजनों की व्यवस्था की गई है। परंपरागत पकोड़ों से लेकर कांजी के बड़े आपकी सेवा में और मेहमानों के लिये विशेष कुल्फी का स्वाद त्योहार की मिठास को बढ़ाएगा और कई व्यंजन रखे गए हैं और पूरा करंट क्राइम परिवार आपके साथ मिलकर होली के इस महा महोत्सव को मनाएगा।



दीपक भाटी (समाचार संपादक)

### आप सब का ये प्यार और होली का त्यौहार

सही में होली का ये त्यौहार इस वर्ष भी और हर वर्ष मेरे लिये त्यौहार भी हैं तो ये आप सब का प्यार भी है। मेरे पास आभार जताने के लिये शब्द कम पड़ जाते हैं जब मैं ये देखता हूं कि आप सब मेरी एक मनुहार पर पूरे उत्साह के साथ अपने साथियों के साथ एक परिवार की तरह सब दैनिक करंट क्राइम के होली महोत्सव में अपनी गरिमाययी उपस्थित से हमें उपकृत करने के लिये आ रहे हैं। सच कहूं तो मेरी असली कमाई तो आप ही हैं और मैने भी आप पर उड़ाने के लिये चंदन की खुशबु वाला गुलाल तैयार रखा है जैसे ही आप दैनिक करंट क्राइम होली महोत्सव स्थल पर कदम रखेगें वैसे ही बीन के लहरे से लेकर पजांब के ढोल की थाप आपके थिरकते कदमों को अहसास करायेगी कि आप बहुत ही खास है। आपके लिये स्पेशल कुल्फी की मिठास है तो स्पेशल वाला पान भी आपके लिये ही है। होली के इस महोत्सव को महा उत्सव बनाने की तैयारी में जुटी पूरी टीम करंट क्राइम को दिल की गहराईयों से बधाई देता हूं। एक एक साथी ने इस आयोजन को सफल बनाने में जी तोड़ मेहनत की है। मैं दीपक भाटी आप सब के स्वागत के लिये तैयार हूं।

## होली पर ना हो सड़क हादसे, यातायात पुलिस रहेगी प्रमुख स्थानों पर तैनात

### होलिका दहन की शाम से रंग वाली रात तक पुलिस करेगी राउंड द क्लॉक ड्यूटी

### एलिवेटेड रोड पर नहीं हो स्टंट, पुलिस लगाएगी गश्त





**गाजियाबाद, करंट क्राइम :** होली का त्यौहार सड़क हादसों को ना बढ़ाएं इसके लिए यातायात पुलिस ने तैयारी शुरू कर दी है। यातायात पुलिस द्वारा एलिवेटेड रोड, दिल्ली-मेरठ एक्सप्रेस वे, एक्सप्रेसवे और शहर के कई प्रमुख भीड़भाड़ वाले इलाकों और बाजारों के साथ ही बस अड्डे के आसपास ट्रैफिक पुलिस तैनात की जाएगी ताकि त्यौहारी सीजन में जाम की समस्या से दो-चार ना होना पड़े। वहीं सड़क हादसों को रोका जा सके। इसके साथ ही एलिवेटेड रोड पर यातायात पुलिस भी निगरानी रखेगी कि किसी प्रकार से वाहन चालक स्टंट ना करें। इसके साथ ही दोपहिया वाहनों पर ट्रिपिंग करने वालों के चालान होंगे। तो वहीं पुलिस शराब पीकर वाहन चलाने वालों पर कार्रवाई भी करेगी। साथ ही हर जोन में पुलिस गश्त भी करेगी। एडीसीपी ट्रैफिक सच्चिदानंद ने बताया है कि सभी ट्रैफिक इंस्पेक्टर्स को होलिका दहन वाली शाम से लेकर होली के दिन तक अपने-अपने क्षेत्रों में एक्टिव रहने के निर्देश दिए गए हैं। इसके साथ ही सड़क हादसा होने पर तत्काल कंट्रोल रूम को सूचना दी जाएगी।

### हर जोन में एंबुलेंस भी रहेगी तैनात

करंट क्राइम : होली पर सड़क हादसों में किसी की जान ना जाए। इसको लेकर पुलिस कमिश्नरेट गाजियाबाद के सिटी, ट्रांस हिंडन और देहात जोन में एंबुलेंस को अलर्ट मोड पर रखा जाएगा। वहीं जिस भी थानाक्षेत्र में सड़क दुर्घटना होगी वहां के निकटतम अस्पताल से एंबुलेंस मंगवाई जाएगी और घायलों को तत्काल उपचार और राहत पहुंचाने का काम होगा। यातायात पुलिस की कोशिश है कि सड़क हादसे कम हों और जानमाल का नुकसान भी नहीं होने पाए।



### पुलिस कंट्रोल रूम रहेगा अलर्ट

करंट क्राइम : होली शुक्रवार को है और पुलिस अलर्ट पर रहेगी। इसके साथ ही जिला कंट्रोल रूम को भी अलर्ट पर रखा जाएगा। किसी भी छोटी बड़ी सूचना को सीधे अधिकारियों तक पहुंचाया जाएगा। इसके साथ ही कहीं पर भी आपात स्थिति होने पर संबंधित सर्किल और जोन के पुलिस अधिकारी एक दूसरे के संपर्क में रहेंगे। होली के पर्व को शांति व सुरक्षित मनाने पर सभी को जोर रहने वाला है।

## गाजियाबाद में 289 स्थानों पर नगर निगम ने डलवाई होलिका दहन के लिए मिट्टी

### निगम का संदेश स्वच्छता के साथ मनाएं होली का त्यौहार





### नगर आयुक्त ने लोगों से की सड़कों पर गंदगी न फैलने की अपील

**गाजियाबाद, करंट क्राइम :** नगर निगम वैसे तो साल भर स्वच्छता और सुंदरता का संदेश देता है लेकिन वह विशेष आयोजनों और पर्व पर भी इसे जारी रखने का काम करता है। इसी के मकसद से नगर निगम गाजियाबाद द्वारा होली का दहन के लिए 289 स्थानों पर मिट्टी डलवाई गई है ताकि सड़क खराब ना हो और गंदगी ना फैले। इसके साथ ही लोगों से भी नगर आयुक्त विक्रमादित्य सिंह मलिक द्वारा अपील की गई है कि वह होली के त्यौहार को स्वच्छता के साथ मनाए और गंदगी ना फैलाएं। नगर निगम ने सड़कों को होलिका दहन के दौरान नुकसान न पहुंचे, इसके लिए बड़ी संख्या में सिटी से लेकर वसुंधरा, मोहन नगर और विजयनगर जोन में होलिका दहन स्थलों पर मिट्टी डलवाने का काम किया है।

### कवि नगर में 105, तो वसुंधरा में 26 स्थान पर होगा होलिका दहन



करंट क्राइम : मुख्य अभियंता निर्माण नरेंद्र कुमार चौधरी द्वारा बताया गया है कि प्रत्येक वर्ष की भांति इस वर्ष भी नगर निगम द्वारा सीधा सड़कों पर होलिका दहन ना हो, इस व्यवस्था को लेकर निर्धारित स्थानों पर मिट्टी डलवाई गई है। सड़क पर होलिका दहन होने से नुकसान हो जाता है। साथ ही वहां गंदगी फैल जाती है। इसीलिए नगर निगम ने मिट्टी डलवाने का काम किया है। जिसके तहत कवि नगर जोन में 105 स्थानों पर, सिटीजन के अंतर्गत 90 स्थानों पर, विजयनगर क्षेत्र में 28 स्थानों पर, मोहन नगर जोन में 40 और वसुंधरा जोन के अंतर्गत 26 स्थानों पर होलिका दहन के लिए मिट्टी निर्माण विभाग द्वारा डलवाई गई है।

### स्वच्छता और सौहार्द के साथ मनाएं होली का त्यौहार : नगर आयुक्त

करंट क्राइम : नगर आयुक्त विक्रमादित्य सिंह मलिक द्वारा शहरवासियों से होली पर्व पर अपील की गई है कि वह होली के त्यौहार को स्वच्छता और सुंदरता के साथ मनाएं। सौहार्द बढ़ाने का काम करें। साथ ही किसी भी प्रकार की सरकारी एवं निगम की संपत्ति को नुकसान ना पहुंचाएं। जीव जंतुओं और सार्वजनिक स्थानों पर दीवारों व भवनों को गंदा ना करें। होली के पर्व को पूरी पवित्रता और स्वच्छता के साथ बनाया जाए।

# 12 मार्च को किस मामले में एक साथ चर्चा करने जा रहे हैं तीनों माननीय




कॉन्सेप्ट : दीपक भाटी
कला पक्ष : नरेश कुमार शर्मा

जारी है.....


'12 मार्च' को रिलीज हो रही है धमाकेदार फिल्म
'क्रांतिकारियों की खामोशी'
www.currentcrime.com
दैनिक करंट क्राइम प्रस्तुति
4 . सत्यपाल प्रधान
एक चुप सौ सुख...
(5)
डॉ. विनोद बंसल
इतना सन्नाटा ठीक ही है भाई।
(6)
करतार सिंह निठोरा :
यहां पर सब शांति-शांति
3. पवन मावी :
जिंदगी को जिंदगी से बात करने दो...ओ...ओ...
2. योगेंद्र मावी
खामोशी को खामोशी से...
(7) नितिन मावी : मैंने अपनी खामोशी से कई बार सुकून खरीदा है।
(1) अनिल कसाना
चुप तुम रहो, चुप हम रहें।
प्रोड्यूसर
दिनेश सिंघल
डायरेक्टर
बसंत त्यागी (पूर्व जिलाध्यक्ष भाजपा)
म्यूजिक
डॉ. परमेंद्र


'आ रहे हैं 12 मार्च को अजय गुप्ता पक्के रंग वाले'
अजय गुप्ता (जनसेवक)
मेरी झोली में हैं इस बार कई रंग।
खोलूंगा उसको 12 मार्च को।
सब हो जाएंगे दंग।
रंग बदलने वालों से किए हैं मैंने ये रंग तैयार।
बस मुझको है 12 मार्च का इंतजार।
संपर्क करें - अजय गुप्ता पक्के रंग वाले।
कॉन्सेप्ट : दीपक भाटी
कला पक्ष : नरेश कुमार शर्मा
www.currentcrime.com
दैनिक करंट क्राइम प्रस्तुति
जारी है.....

## संपादकीय

# अब कृषि विपणन पर नजर

केंद्रीय कृषि एवं किसान कल्याण मंत्रालय ने हाल ही में ह्यकृषि विपणन पर राष्ट्रीय नीति प्रारूप का मसौदा जारी किया और उस पर सार्वजनिक टिप्पणियां और सुझाव आमंत्रित किए। कृषि उत्पादन और उत्पादकता में बीते वर्षों में काफी सुधार हुआ है लेकिन कृषि विपणन समय के साथ बेहतर नहीं हो सका है। ऐसे में कृषि सुधारों को केवल कारक बाजार सुधार तक सीमित नहीं रहना चाहिए बल्कि इसमें विपणन संबंधी दिक्कतें दूर करने की कोशिशों को भी शामिल किया जाना चाहिए। इससे सभी हितधारकों को लाभ होगा। इनमें किसान और उपभोक्ता भी शामिल हैं। इस संदर्भ में मसौदा नीति को समूचे भारत में एकरूप व्यवस्था के अंतर्गत कृषि उपज के गतिरोध मुक्त व्यापार की जरूरत पर ध्यान देना चाहिए।

कृषि उपज विपणन समिति यानी एपीएमसी के अधीन राज्यों और केंद्रशासित प्रदेशों में कुल 7,057 विनियमित थोक बाजार स्थापित किए गए। बहरहाल, इन बाजारों का औसत घनत्व देखें तो 407 किलोमीटर क्षेत्र में एक बाजार है। यह 80 वर्ग किलोमीटर में एक बाजार के मानक से काफी कम है। इतना ही नहीं, 23 राज्यों और चार केंद्रशासित प्रदेशों के 1,410 बाजार इलेक्ट्रॉनिक-नैशनल एग्रीकल्चर मार्केट यानी ई-नाम नेटवर्क से जुड़े हैं। जबकि 1,100 से अधिक बाजार सक्रिय नहीं हैं। करीब 450 बाजारों में बहुत कम या न के बराबर अधोसंरचना है और वे प्रतिकूल परिस्थितियों में काम कर रहे हैं। इस संबंध में मसौदा नीति ने कृषि-उपभोक्ता बाजारों की पहुंच बढ़ाने जैसे उपायों का प्रस्ताव रखकर सही किया है ताकि किसान अपने उत्पादों को सीधे खुदरा ढंग से ग्राहकों को बेच सकें। खासतौर पर पहाड़ी और पूर्वोत्तर के इलाकों में ग्रामीण हाटों को ग्रामीण कृषि बाजारों में बदलकर तथा जिला और राज्य स्तर पर कृषि प्रसंस्करण और निर्यातोन्मुखी सुविधाएं मजबूत करके ऐसा किया जा सकता है।

सूचना की विषमता को कम करने और पारदर्शिता लाने के लिए विपणन प्रक्रिया को डिजिटल बनाने की कोशिश में इस नीति में ई-नाम को एपीएमसी बाजारों से आगे सार्वजनिक और निजी खरीद केंद्रों तथा ग्रामीण हाटों तक समेकित और विस्तारित करने की भी सिफारिश की गई है। इससे भी अहम, नीति में निजी क्षेत्र की भागीदारी बढ़ाने की बात कही गई है। खासतौर पर निजी-सार्वजनिक भागीदारी के क्षेत्र में ऐसा करके एपीएमसी बाजारों में अधोसंरचना की कमी को दूर किया जा सकता है और साथ ही राज्यों के कृषि विपणन मंत्रियों की एक अधिकारप्राप्त कृषि विपणन सुधार समिति बनाने की भी आवश्यकता है। ताकि राज्यों को एपीएमसी अधिनियम के सुधार वाले प्रावधानों को अपनाने के लिए प्रेरित किया जा सके। कुछ किसान संगठनों ने यह चिंता जताई है कि निजी क्षेत्र की भागीदारी में इजाफा ऐसे एकाधिकार को जन्म देगा जो किसानों को नुकसान पहुंचाएगा और उनकी मोल भाव की क्षमता को छीन लेगा। बहरहाल, थोक खरीदारों द्वारा किसानों से कृषि उपज की सीधी खरीद यानी बिना सरकार द्वारा अधिसूचित मंडियों के या विभिन्न शुल्क चुकाए बिना सीधी खरीद दीर्घावधि में कारोबारी शर्तों को किसानों के पक्ष में ही करेगी।

# सपाट बंद हुआ बाजार, सेंसेक्स 13 अंक टूटा, निफ्टी हरे निशान पर

**नई दिल्ली।** सेंसेक्स 12.85 (0.01%) अंकों की गिरावट के साथ 74,102.32 पर बंद हुआ। दूसरी ओर, निफ्टी 37.61 (0.17%) अंक चढ़कर 22,497.90 के स्तर पर हरे निशान पर बंद होने में सफल रहा। आइए जानते हैं शेयर बाजार का हाल। घरेलू शेयर बाजार के बेंचमार्क सूचकांक मंगलवार को सपाट बंद हुए।

इंडसबैंक में भारी बिकवाली के कारण शुरूआती दौर में कमजोर पड़ा सेंसेक्स आखिरी सत्र में रिकवर करने में सफल रहा। सेंसेक्स में शामिल इंडसइंड बैंक के शेयर 27 प्रतिशत की बड़ी गिरावट के साथ बंद हुए। इंफोसिस के शेयर भी दो फीसदी तक टूट गए। तीस शेयरों वाला बीएसई सेंसेक्स 12.85 अंक या 0.02 प्रतिशत



गिरकर 74,102.32 अंक पर बंद हुआ। कारोबार के दौरान यह 451.57 अंक या 0.61 प्रतिशत गिरकर 73,663.60 अंक के निचले स्तर पर आ गया। हालांकि, निफ्टी 37.60 अंक या 0.17 प्रतिशत बढ़कर 22,497.90 पर बंद हुआ। कारोबार के दौरान बेंचमार्क 61.8 अंक या 0.27 प्रतिशत बढ़कर 22,522.10 के उच्चतम स्तर पर पहुंच गया।

### सेंसेक्स के शेयरों में कौन चढ़ा, कौन गिरा

सेंसेक्स में इंडसइंड बैंक, इंफोसिस, बजाज फिनसर्व, महिंद्रा एंड महिंद्रा, जोमैटो, हिंदुस्तान यूनिलीवर, पावर ग्रिड, एक्सिस बैंक, अल्ट्राटेक सीमेंट, अदाणी पोर्ट्स और टाटा कंसल्टेंसी सर्विसेज के शेयर सबसे ज्यादा टूटे। दूसरी ओर, सन फार्मास्यूटिकल्स, आईसीआईसीआई बैंक, भारती एयरटेल, एचसीएल टेक्नोलॉजीज, मारुति सुजुकी इंडिया, लार्सन एंड टूब्रो, रिलायंस इंडस्ट्रीज, कोटक महिंद्रा बैंक और टाइटन के शेयरों में लाभ रहा। बाजार के जानकारों के अनुसार चल रहे व्यापार युद्ध के कारण आर्थिक मंदी की चिंताओं से प्रेरित अमेरिका और अन्य एशियाई बाजारों में भारी बिकवाली के बावजूद, घरेलू बाजार में धीरे-धीरे सुधार के संकेत दिख रहे हैं।

जियोजित फाइनेंशियल सर्विसेज के शोध प्रमुख विनोद नायर ने कहा, ₹इसकी अपेक्षाकृत कम अस्थिरता का कारण हाल के सुधारों के बाद मूल्यांकन में नरमी, साथ ही कच्चे तेल की कीमतों में गिरावट, डॉलर सूचकांक में नरमी और घरेलू आय में सुधार की उम्मीद जैसे सहायक कारक हैं।₹ नायर ने कहा कि आगामी खुदरा मुद्रास्फीति के आंकड़ों पर ध्यान केंद्रित है, जो संभावित ब्याज दरों में कटौती के बारे में जानकारी दे सकता है।

### वैश्विक बाजार में कैसा कारोबार हुआ

एशियाई बाजारों में टोक्यो और सियोल में गिरावट रही, जबकि हांगकांग में कोई बदलाव नहीं हुआ। शंघाई शेयर बाजार हरे निशान में बंद हुआ। सोमवार को अमेरिकी बाजार में चार फीसदी तक की गिरावट दिखी। वैश्विक तेल बेंचमार्क ब्रेंट क्रूड 0.71 प्रतिशत बढ़कर 69.77 डॉलर प्रति बैरल हो गया।

इस बीच, एक्सचेंज के आंकड़ों के अनुसार, विदेशी संस्थागत निवेशकों (एफआईआई) ने 485.41 करोड़ रुपये मूल्य की इक्विटी बेची, जबकि घरेलू संस्थागत निवेशकों (डीआईआई) ने सोमवार को 263.51 करोड़ रुपये मूल्य की इक्विटी खरीदी। सोमवार को 30 शेयरों वाला बीएसई सेंसेक्स 217.41 अंक गिरकर 74,115.17 अंक पर बंद हुआ। निफ्टी 92.20 अंक गिरकर 22,460.30 अंक पर बंद हुआ।

# कोर्ट का राज्यों को निर्देश उपभोक्ता निकायों के सदस्यों को तत्काल वेतन और सुविधाएं दें'

नई दिल्ली। सुप्रीम कोर्ट ने सभी राज्य सरकारों को राज्य और जिला उपभोक्ता निवारण निकायों के अध्यक्षों और सदस्यों को मौजूदा नियमों के अनुसार वेतन और अन्य भत्तों का तत्काल भुगतान करने को कहा है। न्यायमूर्ति अभय एस ओका और न्यायमूर्ति एन कोटिश्वर सिंह की पीठ ने केंद्र को भी उपभोक्ता संरक्षण (राज्य आयोग और जिला आयोग के अध्यक्ष और सदस्यों के वेतन, भत्ते और सेवा की शर्तें) मॉडल नियम, 2020 में संशोधन करने पर भी विचार करने का निर्देश दिया।

### बिना पूर्वाग्रह रखें सुविधाएं मुहैया कराएं राज्य : कोर्ट



पीठ ने कहा,हम सभी राज्य सरकारों को यह सुनिश्चित करने का निर्देश देते हैं कि इन मामलों में उठाए गए विभिन्न विवादों पर कोई पूर्वाग्रह रखे बिना, राज्य के मौजूदा नियमों के अनुसार अध्यक्षों/सदस्यों को वेतन और सुविधाएं तत्काल दें। अदालत के इस निर्देश से राज्यों के उपभोक्ता निकायों में काम करने वाले कर्मचारियों को बड़ी राहत मिलने की संभावना है।

### शीर्ष अदालत ने वेतन व सेवा शर्तों से जुड़ी याचिका पर सुनवाई के दौरान दिए निर्देश

अदालत ने कहा कि यदि भारत सरकार की ओर से संभावित संशोधन पर कोई निर्णय नहीं लिया जाता है, तो वह संविधान के अनुच्छेद 142 के तहत शक्ति का प्रयोग करने पर विचार करेगी। शीर्ष अदालत ने 5 मार्च के आदेश में कहा,यदि राज्य सरकारों की ओर से अनुपालन नहीं किया जाता है, तो संबंधित पक्ष जानकार न्यायमित्र को इस आशय का एक नोट सौंपने के लिए स्वतंत्र हैं ताकि अदालत उचित आदेश पारित कर सके।

# आरबीआई जल्द ही 100 और 200 के नोटों पर गवर्नर संजय मल्होत्रा के हस्ताक्षर वाले नोट आएंगे

**नई दिल्ली।** भारतीय रिजर्व बैंक जल्द ही गवर्नर संजय मल्होत्रा के हस्ताक्षर वाले 100 और 200 रुपये के बैंक नोट जारी करेगा। केंद्रीय बैंक ने मंगलवार इसकी जानकारी दी। भारतीय रिजर्व बैंक जल्द ही गवर्नर संजय मल्होत्रा के हस्ताक्षर वाले 100 और 200 रुपये के बैंक नोट जारी करेगा। केंद्रीय बैंक ने मंगलवार इसकी जानकारी दी।




आरबीआई ने अपने बयान में कहा, इन नोटों का डिजाइन सभी तरह से महात्मा गांधी (नई) श्रृंखला के 100 और 200 रुपये के नोटों के समान है। भारतीय रिजर्व बैंक की ओर से पूर्व में जारी किए गए 100 रुपये और 200 रुपये मूल्यवर्ग के सभी बैंक नोट वैध मुद्रा बने रहेंगे। मल्होत्रा ने दिसंबर 2024 में आरबीआई गवर्नर का पद संभाला है। उन्होंने शक्तिकांत दास का स्थान लिया, जिन्होंने अपना विस्तारित कार्यकाल पूरा होने के बाद पद छोड़ दिया था।

# दालों की सप्लाई सुचारु करने की कवायद

**नई दिल्ली।** सरकार ने पीली मटर और उड़द के लिए मुफ्त आयात नीति की अवधि बढ़ा दी है। इस कदम से व्यापारियों के लिए इन दालों को देश में लाना आसान हो गया है। वाणिज्य और उद्योग मंत्रालय के वाणिज्य विभाग एक अधिसूचना जारी कर इसकी जानकारी दी। सरकार की ओर से जारी अधिसूचना में क्या कहा गया है, आइए जानते हैं। अधिसूचना के अनुसार, आईटीसी (एचएस) कोड 07131010 के तहत पीली मटर के आयात को अब



पहले से लागू न्यूनतम आयात मूल्य (एमआईपी) शर्त या किसी भी बंदरगाह प्रतिबंध से मुक्त कर दिया गया है। अब इसे मुफ्त के रूप में वर्गीकृत किया जाएगा। पीली मटर के मामले में मुफ्त आयात नीति को तीन महीने के लिए बढ़ाया गया है हालांकि, व्यापारियों को अपने आयात को ऑनलाइन आयात निगरानी प्रणाली के तहत पंजीकृत करना होगा। यह नया नियम उन सभी शिपमेंट पर तत्काल लागू होगा जहां बिल ऑफ लैडिंग (शिप ऑन बोर्ड) 31 मई, 2025 को या उससे पहले के लिए जारी किया गया है। इससे पहले, पीली मटर के लिए मुफ्त आयात नीति 28 फरवरी, 2025 को समाप्त हो गई थी। अब सरकार के फैसले के बाद पीली मटर का स्वतंत्र रूप से आयात करने के लिए व्यापारियों के पास 31 मई, 2025 तक यानी तीन महीने का अतिरिक्त समय है। अधिसूचना में कहा गया है कि पहले की सरकारी अधिसूचनाओं के अन्य नियम और शर्तों में कोई बदलाव नहीं होगा। उड़द आयात नीति मार्च 2026 तक बढ़ाई गई सरकार ने उड़द दाल के लिए मुफ्त आयात नीति की अवधि भी बढ़ा दी है। संशोधित नियमों के तहत, व्यापारी 31 मार्च, 2026 तक उड़द का स्वतंत्र रूप से उड़द दाल का आयात करना जारी रख सकते हैं।

## रोचक तथ्यों का करंट

- न्यू जर्सी के सालेम में 28 जून, 1820 को टमाटर को 'परीक्षण पर' रखा गया था। एक न्यायालय के सामने, रॉबर्ट जॉनसन ने यह साबित करने के लिए टमाटर का एक ढेर खाया कि वे जहरीले नहीं थे। देखने वालों की भीड़ उसके मरने के लिए इंतजार कर रही थी। लेकिन वह मारा नहीं।
- टमाटर के बीज होते हैं और वनस्पति पौधे से उगते हैं, इसे फल के रूप में वर्गीकृत किया जाता है, न कि एक सब्जी के रूप में।
- टमाटर मूल रूप से पेरू देश से आए थे।
- साल 2013 में, एक यूके कंपनी ने 'टॉमटाटो' का एक पौधा बनाया जिसके उपरी भाग पर टमाटर उगते हैं और मिटटी के नीचे आलू।
- ठंडी जलवायु वाली जगहों में टमाटर आमतौर पर ग्लासहाउस (ग्रीनहाउस) में उगाए जाते हैं।
- दुनिया भर में टमाटर की लगभग 10,000 किस्में हैं।
- एक जापानी कंपनी ने एक रोबोट का आविष्कार किया जो आपकी पीठ पर बैठता है और आपको दौड़ते समय टमाटर भी खिलाता है।
- आपको जानकर आश्चर्य होगा की टमाटर पीले, गुलाबी, बैंगनी, काले और यहां तक कि सफेद भी हो सकते हैं।

## राशिफल

**मेष:** आराम व मनोरंजन के साधनों पर व्यय होगा। वैवाहिक प्रस्ताव प्राप्ति के योग हैं। राजकीय बाधा दूर होकर लाभ की स्थिति बनेगी।

**वृष:** जीवनसाथी का सहयोग प्राप्त होगा। भेंट व उपहार पर व्यय हो सकता है। किसी मामले की चिंता रह सकती है।

**मिथुन:** शारीरिक कष्ट की आशंका है। कार्य में विघ्न हो सकता है। वाणी पर नियंत्रण रखें। परीक्षा व साक्षात्कार इत्यादि में सफलता प्राप्त होगी।

**कर्क:** पुराना रोग उभर सकता है। अपेक्षित कार्यों में विलंब होने से तनाव रहेगा। आवश्यक वस्तु गुम हो सकती है, सावधानी रखें।

**सिंह:** व्यस्तता के चलते स्वास्थ्य खराब हो सकता है। खान-पान का ध्यान रखें। प्रयास सफल रहेंगे। कार्यसिद्धि से प्रसन्नता रहेगी। राजमान के योग हैं।

**कन्या:** प्रतिद्वंद्विता में वृद्धि होगी। कार्यक्षेत्र में परेशानी हो सकती है। मन तथा शरीर में थकान महसूस होगी। घर में अतिथियों का आगमन होगा। व्यय होगा।

**तुला:** कोई बड़ा काम होने से प्रसन्नता रहेगी। भाग्य का साथ रहेगा। व्यावसायिक यात्रा सफल रहेगी। धन प्राप्ति व रोजगार में वृद्धि होगी।

**वृश्चिक:** किसी मद में बड़ा खर्च हो सकता है। आर्थिक? स्थिति कमजोर हो सकती है। किसी के उकसाने में न आएं। महत्वपूर्ण निर्णय सोच-समझकर करें।

**धनु:** आशंका-कुशंका के चलते निर्णय लेने की क्षमता कम होगी। थकान रह सकती है। बकाया वसूली के प्रयास सफल रहेंगे।

**मकर:** लोगों की सहायता करने का अवसर प्राप्त होगा। सामाजिक प्रतिष्ठा में वृद्धि होगी। बिगड़े काम बनेंगे। उत्साह व प्रसन्नता से कार्य कर पाएंगे।

**कुंभ:** किसी धार्मिक कार्यक्रम में हिस्सा लेने का अवसर मिल सकता है। आत्मिक शांति रहेगी। किसी विवाद में विजय प्राप्त होगी। धन प्राप्ति सुगम होगी।

**मीन:** वाहन, मशीनरी व अग्नि आदि के प्रयोग में सावधानी रखें। विशेषकर युवा वर्ग लापरवाही न करें। भागदौड़ अधिक होगी।

## चुटकुले

आज का ब्रह्मज्ञान...
आज के जमाने में इश्क भी अगर
किसी से करो,
तो आयुर्वेदिक वाला करो...!
अगर कोई फायदा न हो तो नुकसान
भी कोई ना हो...!

मां - उठ जा नालायक!
देख सूरज कब का निकल आया है!
बेटा - तो क्या हुआ मां?
वो सोता भी तो मुझसे पहले है...!

मास्टर जी - इतने दिन से कहां थे...?
छात्र - बर्ड फ्लू हो गया था...!
मास्टर जी - पर ये तो बर्ड में होता है,
इंसानों में नहीं।
छात्र - इंसान समझा ही कहां है आपने...?
रोज तो मुर्गा बना देते हैं...!

## 12 03 2025 करंट क्राइम

सेलेब्रिटी जन्मदिन

जन्मदिन की हार्दिक शुभकामनाएं

# आज के जन्मदिन


श्रेया घोसाल (अभिनेत्री)


मुस्कान हबीब


प्रियंका राणा


अकांक्षा बंसल


सचिन डागर (पार्षद)


राजेश कौशिक


मनोज वोहरा


एड. रोहित यादव


अनंत शर्मा


विपिन शर्मा


नदीम चौधरी


संदीप


सैंडी राजपूत


मज्जू चौधरी


मौहम्मद गब्बर कुरैशी


संजय गर्ग


स्वदेश कुमार प्रजापति


नाजिर राजा


राजबीर सिंह


रिची डर्नल


उदय सिंह


गौरव

सूचना : आप भी अपने जन्मदिन को विशेष बना सकते हैं। अपना फोटो नाम के साथ हमें नीचे लिखे ईमेल पर भेजें। हम उसे दैनिक करंट क्राइम में स्थान देंगे।
Email : currentcrimenews@gmail.com

प्रिय पाठकों,
आप भी हमें भेज सकते हैं अपनी लिखी हुई कविता, चुटकुले, विचार, आर्टिकल या शहर से जुड़ी हुई कोई भी समस्या। हम उसे प्रमुखता से प्रकाशित करेंगे।

करंट क्राइम
K-4, A-Block, Govindpuram Commercial Area, Near LG Showroom, Ghaziabad, Mob 09899655497
Email: currentcrimenews@gmail.com
Website: www.currentcrime.com

स्वामी, मुद्रक, प्रकाशक व सम्पादक मनोज कुमार ने ए.जी.एस. पब्लिकेशन, एफ-23, सैक्टर-6, नोएडा-201301 (गौतमबुद्धनगर) उत्तर प्रदेश से छपवाकर कार्यालय 'करंट क्राइम' बी-2बी/295, जनकपुरी, नई दिल्ली-110058 से प्रकाशित किया। R.N.I NO. DELHIN/2015/65364

सम्पादक : मनोज कुमार
समाचार संपादक दीपक भाटी

संरक्षक : राकेश यादव, विवेक भाटी

दैनिक करंट क्राइम
समाचार पत्र में किसी भी तरह के डिस्प्ले एवं वर्गीकृत विज्ञापन (खोया-पाया, संबंध-विच्छेद, कोर्ट नोटिस, जीडीए सूचना, नाम परिवर्तन) आदि के लिए निम्न फोन नंबर एवं पते पर संपर्क करें।
संपर्क : के-2, ए ब्लॉक, कॉमर्शियल मार्केट, गोविन्दपुरम, गाजियाबाद
मो. : 9818606318 (हरीश कुमार)
8630290003 (विष्णु गुप्ता)

# भीष्म पितामह ने युधिष्ठिर को बताई थीं 12 खास बातें, जीवन में आएंगी काम

1. मन को वश में रखना।
2. घमंड नहीं करना।
3. विषयों की ओर बढ़ती हुई इच्छाओं को रोकना।
4. कटु वचन सुनकर भी उत्तर नहीं देना।
5. मार खाने पर भी शांत व सम रहना।
6. अतिथि व लाचार को आश्रय देना।
7. दूसरों की निन्दा न करना, न सुनना।
8. नियमपूर्वक शास्त्र पढ़ना व सुनना।
9. दिन में नहीं सोना।
10. स्वयं आदर न चाहकर दूसरों को आदर देना।
11. क्रोध के वशीभूत नहीं रहना।
12. स्वाद के लिए नहीं, स्वास्थ्य के लिए भोजन करना।

www.currentcrime.com
दैनिक करंट क्राइम
प्रस्तुति



## वेद प्रकाश गर्ग
## (खादी वाले)

मेरे भाइयों कैसा लगा मेरा आज का ज्ञान?
मगर एक बात का रखना ध्यान, 12 मार्च को
पहुंच जाना समय से इम्पीरियल फार्म हाउस।
सुना है वहां पर हो रहा है जबरदस्त प्रोग्राम।
वहां पर भी मैं इनसे अलग बताऊंगा 12 तरह
की बात। ये वो 12बातें हैं जिन्हें मैंने अपने
दिल में रखा है दाब।

जारी है.....

कॉन्सेप्ट : दीपक भाटी
कला पक्ष : नरेश कुमार शर्मा


12 मार्च को रिलीज हो रही
'आखिर कब मिलेगा इनको मुकाम'
12
'मु का म'
once upon a time in BJP


12 मार्च को लेकर साइकिल दुरुस्त करते अध्यक्ष जी!
वीरेंद्र यादव (सपा महानगर अध्यक्ष)
जिलाध्यक्ष वीरेंद्र यादव जी! 12 मार्च को करंट क्राइम वालों का होली मिलन का प्रोग्राम है। तब तक ये साइकिल ठीक हो जाएगी क्या? इस पर बैठकर ही कार्यक्रम में जाएंगे।
1
फैजल हुसैन (जिलाध्यक्ष, सपा)
वीरेंद्र भाई चिंता मत करो। मैंने साइकिल को दुरुस्त करने का काम अपने अब्बू जान से सीखा है। 12 मार्च से पहले ये दौड़ने लगेगी।
2
राशिद मलिक
(पूर्व जिलाध्यक्ष, सपा)
ये साइकिल आज तक हम ही ठीक नहीं कर पाए। तुमसे कैसे ठीक हो जाएगी... हा...हा....हा...।
3

## ऋषभ पंत ने खोल दिया सबसे बड़ा राज

# बताया क्यों शॉट खेलते वक्त एक हाथ से छूट जाता है बल्ला





**जब गेंद बहुत अधिक बाहर या शॉर्ट पिच हो तो शॉट लगाना आसान नहीं होता है। इस तरह के शॉट खेलने में सफलता की दर 30 या 40 प्रतिशत हो सकती है**

**मुंबई।** स्टार विकेटकीपर बल्लेबाज ऋषभ पंत 2025 चैंपियंस ट्रॉफी जीतने वाली टीम इंडिया का हिस्सा थे। हालांकि, उन्हें किसी भी मैच में अंतिम ग्यारह में जगह नहीं मिली। पर अह वह अपने एक बयान की वजह से चर्चा में आ गए हैं। आपने अक्सर देखा होगा जब ऋषभ पंत बड़े शॉट्स खेलते हैं तो उनके एक हाथ से बल्ला छूट जाता है। अब विकेटकीपर बल्लेबाज ने खुद इसका कारण बताया है। ऋषभ पंत ने यह भी कहा कि अब लोग आईपीएल में खेलने के बारे में ज्यादा सोचते हैं। उनका कहना है कि युवाओं को देश के लिए खेलने के बारे में पहले सोचना चाहिए। ऋषभ पंत ने कहा, बचपन से मेरा एक ही सपना था। भारत की तरफ से खेलना। मैंने कभी आईपीएल में खेलने के बारे में नहीं सोचा। मुझे लगता है कि लोग आज आईपीएल पर अधिक ध्यान दे रहे हैं। निश्चित तौर पर यह बहुत बड़ा मंच है, लेकिन मेरा मानना है कि अगर आपका लक्ष्य देश की तरफ से खेलना है तो चीजें अनुकूल होती जाएंगी और इनमें आईपीएल भी शामिल है। पंत को अपनी आक्रामक बल्लेबाजी के लिए जाना जाता है और उनका ट्रेडमार्क शॉट एक हाथ से छक्का लगाना है। ऐसा करने में अक्सर बल्ला उनके हाथ से छूट जाता है। पंत ने बताया कि ऐसा क्यों होता है। उन्होंने कहा, मुझे लगता है कि अक्सर ऐसा इसलिए होता है, क्योंकि मेरे निचले हाथ की ग्रिप ढीली होती है। मैं अपने निचले हाथ का उपयोग सिर्फ थोड़ा मदद के लिए करता हूं, लेकिन कभी-कभी यह हावी हो जाता है। इसलिए मैं अपने ऊपरी हाथ की ग्रिप को कसकर रखता हूं। पंत ने आगे कहा कि जब गेंद बहुत अधिक बाहर या शॉर्ट पिच हो तो शॉट लगाना आसान नहीं होता है। इस तरह के शॉट खेलने में सफलता की दर 30 या 40 प्रतिशत हो सकती है, लेकिन मैच की परिस्थितियों को देखते हुए मैं यह जोखिम लेने के लिए तैयार रहता हूं। मेरी मानसिकता इसी तरह की है।

# ऑल इंग्लैंड बैडमिंटन टूनार्मेंट आज से शुरू

## भारत के सामने कड़ी चुनौती; सिंधू-लक्ष्य को कठिन ड्रॉ

**नई दिल्ली।** ओलंपिक और विश्व चैंपियनशिप के बाद दुनिया के सबसे प्रतिष्ठित बैडमिंटन टूनार्मेंट ऑल इंग्लैंड में भारतीय बैडमिंटन खिलाड़ियों के सामने एक बार फिर कठिन चुनौती है।

चोट, स्वास्थ्य समस्याओं और खराब फॉर्म से जूझ रहे भारतीय शटलरों को मंगलवार से शुरू हो रहे टूनार्मेंट में कठिन डगर से गुजरना होगा। एशियाई मिश्रित चैंपियनशिप में नहीं खेलने वाली पीवी सिंधू इस टूनार्मेंट से वापसी कर रही हैं। एचएस प्रणय, 2022 के फाइनलिस्ट लक्ष्य सेन को कठिन ड्रॉ मिला है, जबकि पिता के निधन के बाद कोर्ट पर वापसी कर रहे सात्विकसाईराज रेंकीरेड्डी जोड़ीदार चिराग शेट्टी के साथ वापसी कर रहे हैं। 2001 के बाद से किसी भारतीय ने इस टूनार्मेंट में खिताब नहीं जीता है।

भारतीय बैडमिंटन खिलाड़ियों ने ओलंपिक से लेकर विश्व चैंपियनशिप और अन्य बड़े टूनार्मेंटों में अपनी छाप छोड़ी है, लेकिन ऑल इंग्लैंड बैडमिंटन में उनका करिश्माई प्रदर्शन देखने को नहीं मिला है। बीते दो वर्ष में त्रिशा जॉली और गायत्री गोपीचंद की जोड़ी जरूर यहां महिला युगल के सेमीफाइनल में पहुंची। लक्ष्य भी बीते वर्ष यहां सेमीफाइनल में पहुंचे, लेकिन उनका इस वर्ष का फॉर्म अच्छा नहीं है। वह दो टूनार्मेंटों में पहले दौर में हार चुके हैं, जबकि एक में उनकी दूसरे दौर में विदाई हुई है। लक्ष्य पहले दौर में जापान के कोकी वातानाबे से भिड़ेंगे।



### कोरियाई किम से भिड़ेंगी सिंधू

29 वर्षीय सिंधू पहले दौर में कोरिया की गा यून किम से भिड़ेंगी। उनकी अगले दौर में चीन की हान यू से भिड़ंत की संभावना है। पेरिस ओलंपिक से पहले चिकनगुनिया की चपेट में आए प्रणय की रैंकिंग 30 पर पहुंच गई है। वह पहले दौर में फ्रांस के टोमा जूनियर से भिड़ेंगे। सात्विक-चिराग डेनमार्क के डेनियल और मैड्स के खिलाफ अभियान शुरू करेंगे। वहीं, त्रिशा-गायत्री का सामना ताईवान की शुओ और चियेन से होगा।

### पादुकोण और गोपीचंद बने हैं विजेता

भारतीय खिलाड़ियों के सामने चुनौती इसलिए भी कठिन है क्योंकि स्टार खिलाड़ी सिंधू, लक्ष्य और प्रणय को कठिन ड्रॉ मिला है। भारत के लिए 1980 में प्रकाश पादुकोण और 2001 में पुलेला गोपीचंद ऑल इंग्लैंड में विजेता बने थे। वहीं, 2015 में साइना नेहवाल और 2022 में लक्ष्य सेन यहां उपविजेता रहे थे। भारतीय शटलरों के सामने ऑल इंग्लैंड में 24 साल सूखा समाप्त करने की चुनौती है।

# पीसीबी ने औपचारिक शिकायत दर्ज कराई



**इस्लामाबाद।** पीसीबी ने औपचारिक शिकायत दर्ज कराई कराची। पाकिस्तान क्रिकेट बोर्ड (पीसीबी) दुबई में चैंपियंस ट्रॉफी के समापन समारोह में मंच पर अपने प्रतिनिधि को नहीं रखने के मुद्दे पर अब तक अंतरराष्ट्रीय क्रिकेट परिषद (आईसीसी) से आधिकारिक स्पष्टीकरण का इंतजार कर रहा है। पीसीबी के एक अधिकारी ने मंगलवार को कहा, हमने आईसीसी के समक्ष औपचारिक शिकायत दर्ज कराई है क्योंकि जो कुछ हुआ, वह हमें स्वीकार्य नहीं है। यह विवाद तब शुरू हुआ जब पीसीबी के मुख्य परिचालन अधिकारी (सीओओ) और चैंपियंस ट्रॉफी के टूनार्मेंट निदेशक सुमैर अहमद को फाइनल मैच के पुरस्कार वितरण समारोह के लिए मंच पर नहीं बुलाया गया। पीसीबी अधिकारी ने कहा, फाइनल मैच के बाद प्रस्तुतिकरण के लिए हमारे सीओओ और टूनार्मेंट निदेशक को मंच पर नहीं बुलाने के लिए जो कारण बताए जा रहे हैं, वे हमारे लिए कोई मायने नहीं रखते। हम औपचारिक स्पष्टीकरण या माफी का इंतजार कर रहे हैं। हम मेजबान देश के रूप में पाकिस्तान की भूमिका के प्रति इस घोर उपेक्षा से स्तब्ध हैं।

# टेस्ट क्रिकेट के 150 साल पूरे होने पर एमसीजी में खेला जाएगा महामुकाबला, भिड़ेंगे 2 सबसे पुराने दुश्मन



**नई दिल्ली।** मार्च 2025 से ठीक दो साल के बाद यानी 11 मार्च 2027 को टेस्ट क्रिकेट की 150वीं एनिवर्सरी मनाई जाएगी। ऑस्ट्रेलिया और इंग्लैंड टेस्ट क्रिकेट की 150वीं वर्षगांठ पर 11 से 15 मार्च 2027 तक मेलबर्न क्रिकेट ग्राउंड (एमसीजी) में डे-नाइट टेस्ट मैच पिंक बॉल से खेलेंगे। क्रिकेट ऑस्ट्रेलिया ने इस बात की घोषणा मंगलवार को की। बोर्ड ने कहा है कि यह ऐतिहासिक मैच एमसीजी में दोनों टीमों के बीच होने वाला पहला डे-नाइट टेस्ट मैच होगा। ये किसी महामुकाबले से कम नहीं होगा, क्योंकि दोनों देश हमेशा क्रिकेट में एकदूसरे के दुश्मन रहे हैं।

इस ऐतिहासिक स्टेडियम में ही 1877 में ऑस्ट्रेलिया और इंग्लैंड के बीच पहला टेस्ट मैच खेला गया था। इन दोनों टीमों के बीच 1977 में शताब्दी टेस्ट मैच भी एमसीजी पर आयोजित किया गया था। ऑस्ट्रेलिया ने इन दोनों मैच में 45 रन के समान अंतर से जीत हासिल की थी। क्रिकेट ऑस्ट्रेलिया के मुख्य कार्यकारी टॉड ग्रीनबर्ग ने कहा, एमसीजी में टेस्ट क्रिकेट की 150वीं वर्षगांठ के अवसर पर एक बड़े मैच का आयोजन किया जाएगा। इसका आयोजन दूधिया रोशनी में होगा जो खेल की समृद्ध विरासत और टेस्ट क्रिकेट के आधुनिक विकास दोनों का जश्न मनाने का एक शानदार तरीका होगा।

उन्होंने आगे कहा, इससे अधिक से अधिक दर्शकों की उपस्थिति सुनिश्चित करने में भी मदद मिलेगी और इस मैच का आनंद लेना शानदार अनुभव होगा। ऑस्ट्रेलिया नवंबर में इंग्लैंड के खिलाफ शुरू होने वाली 2025-26 एशेज सीरीज की मेजबानी करेगा। इसी सीरीज का आखिरी टेस्ट मैच डे-नाइट टेस्ट होगा, जो टेस्ट क्रिकेट की 150वीं एनिवर्सरी पर खेला जाएगा। बता दें कि ऑस्ट्रेलिया ने अभी तक 13 डे-नाइट टेस्ट मैच खेले हैं, जिसमें से 12 मैचों में उसने जीत हासिल की है। इनमें से आठ मैच का आयोजन एडिलेड में किया गया है। मेलबर्न में ऑस्ट्रेलिया का रिकॉर्ड दमदार है, लेकिन इंग्लैंड की टीम भी उस ऐतिहासिक दिन को यागदार बनाने की पूरी कोशिश करेगी।

# मुंबई ने टॉस में आरसीबी से जीती आधी लड़ाई, सम्मान बचाने उतरेगी बेंगलुरु; प्लेइंग में कर दिए 3 बड़े बदलाव



**नई दिल्ली।** वीमेंस प्रीमियर लीग में टॉस जीतने वाली टीम का पहले गेंदबाजी चुनने का सिलसिला जारी है। लीग स्टेज के आखिरी मैच में मुंबई इंडियंस ने टॉस जीतकर पहले गेंदबाजी चुनी है। बेंगलुरु टीम पहले ही बाहर हो चुकी है, ऐसे में सम्मान की लड़ाई लड़ने के लिए आरसीबी ने प्लेइंग इलेवन में 3 बदलाव किए हैं। वहीं उम्मीद अनुसार मुंबई की टीम ने अपने 11 खिलाड़ियों में कोई बदलाव नहीं किया है।

### सम्मान की लड़ाई लड़ेगी आरसीबी

डब्लूपीएल 2025 में एक समय था जब आरसीबी पॉइंट्स टेबल के टॉप पर चल रही थी। बेंगलुरु पहले दोनों मैच जीत गई थी, लेकिन उसके बाद यह टीम लगातार 5 हार झेल चुकी है। आरसीबी पहले ही प्लेऑफ की दौड़ से बाहर हो चुकी है, लेकिन अपना सम्मान बचाने के लिए वह अपनी 5 मैचों से चली आ रही लूजिंग स्ट्रीक का अंत करना चाहेगी।

### एमआई के लिए खुले हैं सीधे फाइनल के दरवाजे

मुंबई इंडियंस के लिए सीधे फाइनल के दरवाजे खुले हुए हैं। अभी दिल्ली कैपिटल्स पॉइंट्स टेबल के टॉप पर है, वहीं मुंबई के भी उसके समान 10 अंक हैं लेकिन टक्का नेट रन-रेट दिल्ली से कम है। आज बेंगलुरु को बड़े अंतर से हराकर मुंबई इंडियंस यदि टेबल के टॉप पर पहुंच पाती है तो वह सीधे फाइनल में चली जाएगी। ऐसे में दिल्ली कैपिटल्स और गुजरात जायंट्स के बीच एलिमिनेटर मैच खेला जाएगा।

# चैंपियंस ट्रॉफी में भारत से हारने पर न्यूजीलैंड के मीडिया में पाकिस्तान को लेकर कैसी चर्चा



**न्यूजीलैंड।** न्यूजीलैंड हेरल्ड ने अपनी रिपोर्ट में लिखा है, "एक 1 I438 अरब की आबादी वाला भारत, जहाँ क्रिकेट को लेकर पागलपन की हद तक दीवानगी है, उसने मुंबई से भी कम आबादी वाले देश न्यूजीलैंड को मात दी।" भारत की जीत के कारण गिनाते हुए न्यूजीलैंड हेरल्ड ने लिखा है, "भारत की स्पिन गेंदबाजी की इस जीत में अहम भूमिका रही। इस टूनार्मेंट में भारत की बेस्ट टीम थी लेकिन कई चीजें उसके पक्ष में भी गईं। पाकिस्तान मेजबान था लेकिन भारत ने वहाँ खेलने से इनकार कर दिया। ऐसे में सभी पाँच मैच भारत ने दुबई में ही खेले। भारत की टीम दुबई के मैदान में अभ्यस्त हो गई थी और ट्रैवल से भी बच गई। जब आपको पहले से ही पता होता है कि मैच कहाँ होना है तो आपके पास उसके हिसाब से 15 खिलाड़ियों की टीम बनाने में आसानी होती है।" न्यूजीलैंड हेरल्ड ने लिखा है, "रविवार को फाइनल में भारत के 11 खिलाड़ियों में कुल छह गेंदबाज थे, जिनमें चार स्पिनर थे। भारत की तरफ से 50 ओवर में 38 ओवर गेंदबाजी उसके स्पिनर्स ने की थी। दूसरी तरफ न्यूजीलैंड के पास दो स्पिनर थे। एक मिचेल सैंटनर और दूसरे माइकल ब्रेसवेल। हालाँकि ग्लेन फि लिप्स और रचिन रविंद्र भी थे, लेकिन ये फुलटाइम स्पिनर्स नहीं हैं। मिसाल के तौर पर भारत के चौथे स्पिनर रविंद्र जडेजा ने 300 से ज्यादा विकेट टेस्ट मैच में लिए हैं और 200 से ज्यादा विकेट वनडे मैच में। दूसरी तरफ न्यूजीलैंड के चौथे स्पिनर फि लिप्स ने अपने क्रिकेट करियर की शुरूआत विकेटकीपर से की थी।"

# ऋषभ पंत की बहन की शादी के लिए मसूरी पहुंचे धोनी, इंटरनेशनल क्रिकेटर्स का लगेगा जमावड़ा



**देहरादून।** मसूरी में मशहूर भारतीय क्रिकेटर ऋषभ पंत की बहन साक्षी पंत की शादी का समारोह होने जा रहा है। इस समारोह में शामिल होने के लिए कई दिग्गज एक्टर और क्रिकेटर उत्तराखंड पहुंचेंगे। भारतीय क्रिकेट टीम के पूर्व कप्तान महेंद्र सिंह धोनी भी इस शादी समारोह में शामिल होने के लिए अपनी पत्नी साक्षी धोनी और अन्य लोगों के साथ देहरादून पहुंचे। महेंद्र सिंह धोनी आज दोपहर को करीब ढाई बजे विशेष चार्टर्ड विमान से देहरादून जौलीग्रांट एयरपोर्ट पहुंचे। क्रिकेटर के एयरपोर्ट पर पहुँचते ही उनके प्रशंसकों ने उन्हें घेर लिया। महेंद्र सिंह धोनी देहरादून एयरपोर्ट से मसूरी में आयोजित शादी समारोह में शामिल होने के लिए रवाना हुए।

### 50 से ज्यादा क्रिकेटर होंगे शामिल

दरअसल 11 मार्च और 12 मार्च को मसूरी में क्रिकेटर ऋषभ पंत की बहन साक्षी पंत की शादी का समारोह है। साक्षी पंत की शादी में शामिल होने के लिए महेंद्र सिंह धोनी मसूरी पहुंचे। कहा जा रहा है कि अभी कई और क्रिकेटरों और एक्टरों के भी एयरपोर्ट पहुंचने की संभावनाएं हैं। बताया जा रहा है कि इस शादी के लिए मसूरी में दुनिया भर के लगभग 50 से ज्यादा क्रिकेटर शामिल होंगे।

# पाकिस्तान क्रिकेट की बदहाली

## 1 लाख से सीधे 10 हजार हुई मैच फीस, सस्ते होटल में ठहरेंगे खिलाड़ी; हवाई यात्रा में भी कटौती




**इस्लामाबाद।** पाकिस्तान क्रिकेट बोर्ड (पीसीबी) ने घरेलू क्रिकेट में खिलाड़ियों की मैच फीस में कटौती सहित कॉस्ट कटिंग का फैसला किया है, जिससे पीसीबी की वित्तीय हालात पर सवाल उठ रहे हैं। पीसीबी ने नेशनल टी20 चैंपियनशिप में हिस्सा लेने वाले क्रिकेटर्स की मैच फीस 100,000 रुपये प्रति मैच से घटाकर 10,000 प्रति मैच कर दी है। रिजर्व खिलाड़ियों को 5000 रुपये प्रति मैच मिलेंगे। टूनार्मेंट 14 मार्च से शुरू हो रहा है। मैच फीस में कटौती से खिलाड़ियों में चिंता पैदा हो गई है। बोर्ड घरेलू क्रिकेट के विकास पर कम खर्च करने पर भी विचार कर रहा है।

पीसीबी में घरेलू क्रिकेट के प्रमुख अब्दुल्ला खुर्रम नियाजी पिछले कुछ महीनों से घरेलू खिलाड़ियों के लिए सुविधाओं में कटौती कर रहे हैं। सूत्र ने कहा, जिन खिलाड़ियों को पहले पांच सितारा और चार सितारा होटल में रहने की सुविधा दी जा रही थी, अब उन्हें सस्ते होटल में रहने की सुविधा दी जा रही है। फीस के अलावा उनके लिए हवाई यात्रा का खर्च भी कम कर दिया गया है।

### खिलाड़ियों और अंपायरों को पिछले सीजन का बकाया भुगतान बाकी

### मिस्बाह-वकार जैसे मेंटर्स को दे रहा 50 लाख रुपये प्रति माह

पीसीबी इसी समय राष्ट्रीय चयनकर्ताओं और यहां तक कि हाल ही में समाप्त हुए चैंपियंस कप के लिए पांच टीमों के लिए नियुक्त किए गए मेंटर्स को भी भारी मासिक वेतन दे रहा है। दो साल के अनुबंध पर मेंटर मिस्बाह उल हक, वकार यूनुस, शोएब मलिक, सरफराज अहमद और सकलैन मुश्ताक को लगभग 50 लाख रुपये प्रति माह का भुगतान किया जाता है। पीसीबी ने लाहौर के गद्दाफी स्टेडियम, कराची के नेशनल स्टेडियम और चैंपियंस ट्रॉफी के लिए रावलपिंडी क्रिकेट स्टेडियम को अपग्रेड करने पर भी लगभग 1.8 अरब रुपये खर्च किए हैं।

एक अन्य सूत्र ने कहा कि खिलाड़ियों और अंपायरों को पिछले सीजन का बकाया भुगतान अभी तक नहीं किया गया है। इसके अतिरिक्त पीसीबी ने बोर्ड की नीति के अनुसार पूर्व टेस्ट क्रिकेटरों के लिए वार्षिक पेंशन वृद्धि को अभी तक लागू नहीं किया है। एक सूत्र ने कहा कि विडंबना यह है कि जहां खिलाड़ियों की मैच फीस कम की जा रही है, वहीं ये निर्णय लेने वाले अधिकारियों को लाखों में मासिक वेतन मिल रहा है।

# भारतीय कुश्ती महासंघ को मिली बड़ी राहत, खेल मंत्रालय ने निलंबन हटाया



**नई दिल्ली।** भारतीय कुश्ती महासंघ (डब्ल्यूएफआई) को बड़ी राहत मिली है और खेल मंत्रालय ने महासंघ पर लगाया निलंबन तत्काल प्रभाव से हटा लिया है। डब्ल्यूएफआई में पिछले कुछ वर्षों से विवाद चल रहा था और खेल मंत्रालय के इस फैसले के बाद विवाद खत्म होने के आसार नजर आ रहे हैं।

### किस कारण लगा था निलंबन?

खेल मंत्रालय ने संजय सिंह की अगुआई वाली डब्ल्यूएफआई की कार्यकारी समिति पर खेल संहिता के उल्लंघन के आरोप के चलते निलंबन लगाया हुआ था। कुश्ती की वैश्विक संस्था यूनाइटेड वर्ल्ड रेसलिंग (यूडब्ल्यूडब्ल्यू) ने भी पिछले साल संजय सिंह की अगुआई वाली डब्ल्यूएफआई से निलंबन हटा दिया था। इसके बाद भारतीय ओलंपिक संघ (आईओए) ने भारत में कुश्ती का दैनिक कार्य देख रही भूपेंद्र सिंह बाजवा के नेतृत्व वाले तदर्थ समिति को भंग करने का निर्णय लिया था। डब्ल्यूएफआई की कार्यकारी समिति के अध्यक्ष संजय सिंह को भले ही यूडब्ल्यूडब्ल्यू और आईओए से राहत मिल गई थी, लेकिन केंद्र सरकार से उन्हें राहत मिलने का इंतजार था जो अब जाकर पूरा हुआ। सरकार ने डब्ल्यूएफआई पर नियमों के उल्लंघन का हवाला देते हुए कार्रवाई की थी और चुनाव संपन्न होने के तीन बाद ही डब्ल्यूएफआई को निलंबित कर दिया गया था।

डब्ल्यूएफआई के पूर्व अध्यक्ष बृजभूषण शरण सिंह के करीबी संजय सिंह के नेतृत्व वाली समिति ने 21 दिसंबर 2023 को चुनाव जीता था। इसके बाद उन्होंने अंडर-15 और अंडर-20 वर्ग के राष्ट्रीय चैंपियनशिप कराने की घोषणा की थी। हालांकि, इस चैंपियनशिप का आयोजन स्थल गोंडा के नंदिनी नगर में रखा था जो बृजभूषण का गढ़ है। यह बात सरकार को चुभी थी। खेल मंत्रालय ने 24 दिसंबर 2023 को कार्रवाई करते हुए डब्ल्यूएफआई को निलंबित करने का फैसला किया था।

डब्ल्यूएफआई के निलंबन के कारण पहलवानों को कई तरह की मुसीबतों का सामना करना पड़ रहा था। इस वजह से महासंघ और खेल मंत्रालय के बीच टकराव की स्थिति भी पैदा हो रही थी जिसका सबसे ज्यादा नुकसान पहलवानों को हुआ। हालांकि, निलंबन हटने से घरेलू टूनार्मेंट आयोजित करने के रास्ते खुल गए हैं और अंतरराष्ट्रीय टूनार्मेंट के चयन के लिए भी अब दुविधा नहीं होगी। मंत्रालय ने अपने आदेश में बताया कि डब्ल्यूएफआई ने सुधारात्मक कदम उठाए हैं जिस कारण उस पर लगे निलंबन को हटाया जाता है। खेल मंत्रालय ने इस तरह करीब 15 महीने बाद डब्ल्यूएफआई पर लगा निलंबन हटाया।

### मंत्रालय ने निदेर्शों का पालन करने कहा

इसमें यह भी कहा गया है कि डब्ल्यूएफआई को यह सुनिश्चित करना चाहिए कि सभी अंतरराष्ट्रीय प्रतियोगिताओं के लिए चयन खेल संहिता के मौजूदा प्रावधानों और यूडब्ल्यूडब्ल्यू द्वारा समय-समय पर जारी नियमों के साथ इस संबंध में जारी अन्य नवीनतम निदेर्शों के अनुसार स्वतंत्र, निष्पक्ष और पारदर्शी तरीके से किया जाना चाहिए। डब्ल्यूएफआई अध्यक्ष ने कहा कि ऐसा कुछ भी नहीं है जिसका पालन नहीं किया जा सकता।

### संजय सिंह ने जताया आभार

डब्ल्यूएफआई के अध्यक्ष संजय सिंह ने कहा, 'मैं इस फैसले के लिए मंत्रालय का आभार व्यक्त करता हूं। अब हम सुचारू रूप से काम कर सकेंगे। खेल के लिए यह बेहद जरूरी था। खिलाड़ी प्रतियोगिताओं में भाग नहीं ले पाने के कारण परेशान थे।' मंत्रालय ने हालांकि डब्ल्यूएफआई से कुछ निदेर्शों का पालन करने को कहा है जैसे कि डब्ल्यूएफआई को यह सुनिश्चित करना होगा कि निर्वाचित पदाधिकारियों के बीच शक्ति का संतुलन बना रहे तथा वह स्वयं को निलंबित या बर्खास्त किए गए अधिकारियों से अलग रखे। नए महासचिव प्रेम चंद लोचब विरोधी खेमे से चुने गए थे और मंत्रालय के निर्देश को उसी संदर्भ में समझा जा सकता है।

मंत्रालय के निलंबन और प्रमुख पहलवान विनेश फोगाट, बजरंग पूनिया और सत्यव्रत कादियान द्वारा दायर अदालती मामलों के कारण भारतीय पहलवान जाग्रेब और अल्बानिया में रैंकिंग सीरीज टूनार्मेंट में भाग नहीं ले पाए थे। बृजभूषण के खिलाफ विरोध प्रदर्शन का नेतृत्व करने वाले पहलवानों ने तर्क दिया था कि निलंबित होने के कारण डब्ल्यूएफआई के पास राष्ट्रीय टीमों को चुनने का अधिकार नहीं है।


12 मार्च को अंतरिक्ष से आ रहा है ये दल विशेष रंग लेकर
1
बाल किशन गुप्ता
12 मार्च तक हम पृथ्वी पर पहुंच जाएंगे।
2
राजेन्द्र मित्तल (मैदी वाले)
वहां पर हम सांसद जी के साथ होली खेलेंगे।
3
गौरव गर्ग
मैं भी गर्ग साहब के साथ सांवरिया जी को लेकर होली खेलूंगा।
4
अनुज मित्तल
मैं भी सांसद अतुल गर्ग जी के साथ होली खेलूंगा।
5
अनिल अग्रवाल सांवरिया
मुझे तो भगवा कमांडर संजीव शर्मा के साथ होली खेलनी है।
6
सुशांत गोयल
आप सब मेरे साथ होली खेलिए। गर्ग साहब से ज्यादा प्यार मिलेगा।
12 मार्च

# 12 मार्च से ज्यादा इनके दिलों के जज्बात समझना जरूरी है




# अध्यक्ष पद की रस्साकाशी क्या 12 मार्च तक रहेगी जारी




कॉन्सेप्ट : दीपक भाटी
कला पक्ष : नरेश कुमार शर्मा

जारी है.....

# करने के लिए बेचैन, 12 मार्च को पधार रहे हैं वाटर मैन




# कितने ही कर ले कोई सितम, 12 मार्च से पहले बहेगी पवन!




कॉन्सेप्ट : दीपक भाटी
कला पक्ष : नरेश कुमार शर्मा

जारी है.....

# संजय नगर व्यापारी मंडल ने दी नगर निगम को चेतावनी कहा, पुलिया चालू नहीं कराई गई तो बाजार रखेंगे बंद



**गाजियाबाद, करंट क्राइम।** संजय नगर सेक्टर 23 में पूर्व में एक पुलिया का निर्माण कार्य कराया गया था। लगभग 20 दिन बीत जाने के बाद भी जिसका समय पूरा हो गया है। पुलिया भी बन गई लेंटर भी पड़ गया और लेंटर खुल भी गया। उसके बावजूद भी रास्ता पूरी तरह से ब्लॉक कर रखा है, जिस वजह से व्यापारियों में बहुत ज्यादा रोष है। संजय नगर व्यापार मंडल के अध्यक्ष विपिन गोयल ने नगर निगम को चेतावनी दी है कि अगर यह पुलिया कल तक चालू नहीं कराई गई तो बाजार को बंद रखा जाएगा और व्यापारियों को लेकर धरना दिया जाएगा।

पूर्व में भी इसी तरह का कोई कार्य कराया गया था दीपावली से पहले। जब भी कोई त्यौहार आता है नगर निगम की गलत नीतियों की वजह से इस तरह के कार्य किए जाते हैं। मैं नगरनिगम के अधिकारियों से पूछना चाहता हूं वह क्यों व्यापारियों का शोषण करने पर लगे हुए हैं। आपको कार्य करना है त्योहार से पहले करवाइए। कभी तो दिवाली से पहले रास्ते बंद कर देंगे। खुदाई चालू कर देंगे और अब होली से पहले कर दिया। व्यापारी पूरी तरह से त्रस्त है। ऐसा ना हो कि व्यापारी रोड पर आकर धरना प्रदर्शन करे। इससे पहले नगर निगम के अधिकारी सुन लें कोई भी त्योहार से पहले कार्य न करें जबकि व्यापारी भाजपा का वोटर है और नगर निगम के अधिकारी प्रदेश में चल रही योगी सरकार को बदनाम करने के लिए इस तरह के कार्य करते हैं। इस मौके पर संजय नगर व्यापार मंडल महामंत्री हरीश शर्मा, वाइस चेयरमैन रवि कुमार, कोषाध्यक्ष राजेंद्र नगर पूर्व कोषाध्यक्ष ठाकुर बबलू सिंह, उपाध्यक्ष अबनेश त्यागी, संगठन मंत्री केके शर्मा, उपाध्यक्ष राजू भाई, अशोक भाई, बब्बू सिंह, विपिन हिंदू राजा भाई और समस्त व्यापारी गण उपस्थित रहे।

अंत में महामंत्री हरीश शर्मा ने बताया कि जब भी कोई निर्माण कार्य कराया जाता है। रोड का हाईवे का या पुल का पूरी तरह से रोड को ब्लॉक नहीं किया जाता है। पहले आवागमन के लिए रास्ते की व्यवस्था की जाती है लेकिन निगम की गलत नीतियों की वजह से और व्यापारियों को परेशान करने की नीयत से इस कार्य को किया गया है।

## चार पहिया को दो पहिया वाहन दिखाकर धोखाधड़ी

# इंश्योरेंस एजेंट समेत 4 गिरफ्तार, 12 हजार से ज्यादा फर्जी पॉलिसी बनाई



**गाजियाबाद।** साइबर क्राइम पुलिस ने बड़े बीमा घोटाले का पदार्फाश किया है। पुलिस ने इंश्योरेंस कंपनी के दो एजेंट सहित चार लोगों को गिरफ्तार किया है। आरोपी एक साल से बड़े वाहनों को दो पहिया वाहन बताकर फर्जी बीमा पॉलिसी बना रहे थे। एडीसीपी क्राइम ब्रांच पीयूष सिंह ने बताया कि गिरफ्तार आरोपियों में विकास कश्यप, आकाश सिसोदिया, याकूब और बी-फार्मा पास अरीम शामिल हैं। याकूब और अरीम मुरादाबाद के रहने वाले हैं। मामला तब सामने आया जब आईसीआईसीआई लोंबार्ड जनरल इंश्योरेंस के वाइस प्रेसिडेंट ने शिकायत दर्ज कराई। कुछ वाहन मालिकों के क्लेम के दौरान बीमा दस्तावेजों में हेराफेरी का पता चला। जांच में सामने आया कि आरोपी थर्ड पार्टी इंश्योरेंस के नाम पर वाहन मालिकों से नकद पैसे लेते थे। फिर एप में चार पहिया वाहनों को दो पहिया वाहन दिखाकर कम प्रीमियम की पॉलिसी बनाते थे। इस तरह हर पॉलिसी पर 12 से 14 हजार रुपए की हेराफेरी की जाती थी। पुलिस के अनुसार, आरोपियों ने एक साल में 12 हजार से अधिक फर्जी बीमा पॉलिसियां बनाई हैं। पुलिस अब इस मामले में आगे की जांच कर रही है।

# भारत का बदलता शासन समाचार पत्र ने मनाया होली मिलन समारोह













**गाजियाबाद (करंट क्राइम)।** कविनगर रामलीला मैदान में स्थित ऑडिटोरियम में भारत का बदलता शासन समाचार पत्र ने होली मिलन समारोह का आयोजन किया। इस अवसर पर हास्य कवि सम्मेलन का भी आयोजन किया गया। समाचार पत्र के संपादक मंडल ने सभी अतिथियों का स्वागत सत्कार किया। सभी ने एक दूसरे को होली पर्व की बधाई शुभकामनाएं दी।

## प्रेमी जोड़े ने फांसी लगाकर की आत्महत्या

## डर था पकड़े जाने पर परिवार वाले अलग कर देंगे



**गाजियाबाद।** कवि नगर में एक नवविवाहित जोड़े ने फांसी लगाकर जान दे दी। मृतक पीयूष और निशा फरुर्खाबाद से आए थे। दोनों ने 17 तारीख को शादी की थी। एसीपी कवि नगर स्वतंत्र सिंह के अनुसार, पुलिस को एक बंद मकान की सूचना मिली। दरवाजा तोड़कर अंदर जाने पर युवक-युवती के शव अलग-अलग पंखों से लटके मिले। सुसाइड नोट में दंपति ने लिखा कि उन्हें डर था कि पकड़े जाने पर परिवार वाले उन्हें अलग कर देंगे। उन्होंने यह भी स्पष्ट किया कि वे घर से कोई सामान चुराकर नहीं भागे थे। पुलिस ने शवों का पंचायतनामा भरकर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया है। परिजनों को घटना की सूचना दे दी गई है।

# श्रीश्याम मित्र मंडल के तत्वावधान में भव्य संकीर्तन का आयोजन



मोदीनगर, करंट क्राइम। श्री खाटू श्याम शिव दुर्गा मंदिर में श्री श्याम मित्र मंडल के तत्वाधान में फाल्गुन ग्यारस, (आमला एकादशी) की पावन बेला पर भव्य संकीर्तन का आयोजन किया गया। जिसमे श्याम दरबार मोदीनगर के समस्त सेवादारो ने अपने-अपने नाम की हाजरी लगाई।

सोमवार की सुबह से ही बाबा श्याम के दर्शनों के लिए भक्तों का रेला मंदिर परिसर में लगा रहा। शकूरपुर गांव के हजारों भक्त मंदिर परिसर से ढोल, नगाड़ों के साथ एक भव्य निशान यात्रा लेकर गांव शकूरपुर की ओर रवाना हुए, बाबा श्याम में आस्था रखने वाले कई हजार भक्तों का विशाल जन सैलाब उमड़ा। रात्रि में लक्ष्मी नगर से सैकड़ो की संख्या में भक्तगण बाबा श्याम की निशान यात्रा लेकर मंदिर परिसर में पहुचे, दिल्ली से पधारे भजन गायक संजीव चैहान के भजनों पर समस्त रात्रि सभी भक्त बाबा श्याम के भजनों पर झूमते रहे, बाबा के भजन, फाल्गुन आयो रे चलो श्याम के द्वार, पे सभी श्याम भक्त झूमने पर मजबूर हो गयें। बाबा श्याम का कलकत्ता एवं जयपुर के फूलों से श्रृंगार किया गया एवं बाबा को छप्पन प्रकार के प्रसाद का भोग लगाया गया। श्री श्याम मित्र मंडल के अध्यक्ष ओम प्रकाश जाधव ने बताया के बाबा श्याम की मंदिर की प्राण प्रतिष्ठा लगभग 15 वर्ष पूर्व ही थी, तब से लेकर अब तक हर माह शुक्ल पक्ष की एकादशी को बाबा श्याम का संकीर्तन सभी भक्तों के माध्यम से होता है। इस अवसर पर श्री श्याम मित्र मंडल के संरक्षक पूर्व चेयरमैन पं0 राम आसरे शर्मा, घनश्याम सिंह सिरोही, जितेंद्र शर्मा, उदेश शर्मा, राजेन्द्र गर्ग, प्रदीप शर्मा, देवेंद्र गुप्ता, दीपक गोयल, अमित गर्ग, शिव कुमार जिंदल, सुदेश शर्मा, अनेश शर्मा, मनोज कुमार, विजय शर्मा, राजीव कुमार, सुशील शर्मा, मनोज चैधरी, देवेंद्र कुमार, नवीन चैहान, जतिन कुमार, रोहित गुप्ता, पं0 अनिल मिश्रा, अमित गुप्ता, मनोज शर्मा, मीडिया प्रभारी अंकित शर्मा, समस्त सदस्य वंपदाधिकारीगण मौजूद रहे।

## नाली निर्माण को लेकर दो पक्षों में फायरिंग, एक घायल

## नगर निगम की टीम की मौजूदगी में हुई मारपीट

**गाजियाबाद।** गाजियाबाद के थाना विजयनगर क्षेत्र में नाली निर्माण को लेकर दो पक्षों में हिंसक झड़प हुई। घटना नूरानी मस्जिद के पास की है। नगर निगम की टीम लोग मौके पर थे। विवाद इतना बढ़ा कि पहले मारपीट हुई। फिर फायरिंग की घटना हो गई। फायरिंग में अमजद नाम के व्यक्ति को गोली लग गई। घायल को तुरंत अस्पताल में भर्ती



जूनियर इंजीनियर के नेतृत्व में नाली बनाने पहुंची थी। नाली के ढलान को लेकर अली जान और असलम पक्ष के बीच विवाद शुरू हुआ। दोनों पक्षों से करीब दो दर्जन कराया गया। एसीपी कोतवाली रितेश त्रिपाठी ने बताया कि पुलिस मौके पर पहुंच गई है। बवाल करने वालों की पहचान की जा रही है। इलाके में भारी पुलिस बल तैनात कर दिया गया है।

# अविमुक्तेश्वरानंद सरस्वती महाराज के गाजियाबाद आगमन पर हुआ स्वागत

## 'गौ माता राष्ट्र माता' अभियान के तहत विशेष आमंत्रण पर पधारे महाराज





**गाजियाबाद, करंट क्राइम।** ज्योतिष पीठाधीश्वर जगतगुरु शंकराचार्य स्वामी अविमुक्तेश्वरानंद सरस्वती महाराज गौ माता राष्ट्र माता अभियान के अंतर्गत मंगलवार को गाजियाबाद में विशेष आमंत्रण पर साध्वी महंत कैलाश गिरी जी महाराज जूना अखाड़ा हर नंदेश्वर महादेव मंदिर हिंडन गाजियाबाद के निवास स्थान नेहरु नगर सेकंड सी 205 पर चरण पादुका कार्यक्रम के लिए पधारे। क्षेत्र के गण मान्य लोगों ने उनका स्वागत किया जिसमें आचार्य मनीष, राजेश शर्मा, आकर्षक शर्मा, अंगद शर्मा, उज्जवल शर्मा, गौरव गर्ग, अनुराग गर्ग, विधायक नंदकिशोर गुर्जर, गौ माता राष्ट्र माता अभियान के राष्ट्रीय महामंत्री श्री श्री बाबा गौ प्रतिष्ठानंद जी महाराज व गौ सांसद अशोक डेढ़ा, विक्रम डेढ़ा ने महाराज का स्वागत किया।




# जगमग हो रहा है लाइन का मैदान

पुलिस कमिश्नरेट गाजियाबाद वाले सिस्टम में कमिश्नरेट बनने के बाद कई तरह के बदलाव नजर आ रहे हैं। कहीं पर आधुनिक कार्यालय बन रहे हैं, तो कहीं पर नए हाइटेक वाहन नजर आ रहे हैं। वहीं अब आने वाले दिनों में पुलिस कमिश्नरेट वाले गाजियाबाद के सिस्टम में पुलिस लाइन का खेल का मैदान नए लुक में दिखेगा। सुनने में आ रहा है कि इन दिनों लाइन वाले मैदान को फाइन किया जा रहा है। यहां बड़ी संख्या में रात को जगमग होने वाली लाइटें लगा दी गई हैं। तो इसके साथ ही रनिंग ट्रैक भी बेहतर और नई तकनीक का बनाया गया है। पूरे मौदान को हरे रंग वाली घास से लेकर यहां खिलाड़ियों के बैठने और व्यायाम करने के लिए स्थान तैयार किया जा रहा है। इसके साथ ही फुटबॉल, वॉलीबॉल और हॉकी जैसे राष्ट्रीय स्तर वाले खेल को खेलने के लिए मैदान को उपयुक्त बनाया जा रहा है। वहीं पुलिस कमिश्नरेट गाजियाबाद वाले सिस्टम के सूत्र बता रहे हैं कि आगामी कुछ महीनो में पुलिस लाइन कमिश्नरेट गाजियाबाद का मैदान मिनी स्टेडियम के लुक में नजर आने वाला है। बताया जा रहा है कि इसके लिए बकायदा कई तरह की तैयारियां चल रही हैं।



इसके लिए तमाम तरीके की तैयारी की जा रही हैं। तो रखरखाव भी बेहतर ढंग से हो रहा है। पुलिस कमिश्नरेट गाजियाबाद वाले सिस्टम के सूत्रों ने बताया है कि लाइन वाले मैदान को जिस तरीके से फाइन बनाया जा रहा है, उसको लेकर चर्चा है कि आने वाले अप्रैल या जून के माह में यहां कई खेलकूद की पुलिस की बड़ी प्रतियोगिताएं आयोजित होनी हैं। जिसको लेकर पुलिस लाइन वाले खेल के मैदान को फूलप्रूफ मैदान के रूप में डेवलप किया जा रहा है। वहीं बताया जा रहा है कि खुद पुलिस के शीर्ष अधिकारी और लाइन के प्रभारी से लेकर अन्य अधिकारीगण इन दिनों लाइन के मैदान पर ध्यान दे रहे हैं। घास को हार बनाने से लेकर आसपास कई अन्य व्यवस्था दुरुस्त की जा रही हैं ताकि पुलिस कमिश्नरेट गाजियाबाद वाले सिस्टम का पुलिस लाइन वाला मैदान भी रैंकिंग से लेकर अन्य मामलों में नंबर वन नजर आए। बता दें कि कमिश्नरेट सिसटम लागू होने पर गाजियाबाद मेट्रो पॉलिटिन सिटी के रूप में बन चुका है। ऐसे में पुलिस कमिश्नरेट गाजियाबाद वाले सिस्टम में पुलिस का मैदान श्रेष्ठ होना चाहिए। साथ ही यहां कई आयाम भी रहने चाहिए। वहीं रात को जब लाइट जलती है तो मैदान दूधिया रोशनी बिखेर रहा है।

# पार्षद धीरज अग्रवाल ने किया विकास कार्य का उद्घाटन



**साहिबाबाद (करंट क्राइम)।** इंदिरापुरम वार्ड 81 के पार्षद धीरज अग्रवाल ने नीति खंड फर्स्ट नींबू पार्क वाली रोड की मरम्मत कार्य का नारियल तोड़कर उद्घाटन किया। पार्षद धीरज अग्रवाल ने कहा कि सड़क निर्माण कार्य का कार्य शुरू हुआ है, लोगों से निवेदन है कि सड़क बनने तक भारी वन ना आए इसे देखना आप लोगों का कर्तव्य है। उन्होंने कहा कि नगर निगम द्वारा और भी काम विकास कार्य के होने हैं। पार्क, सड़क, स्ट्रीट लाइट सीवर की समस्या यह सभी निरंतर रूप से जल्द ही कार्य होने जा रहे है। इस मौके पर नुपुर अग्रवाल, धीरज शर्मा मौजूद रहे।

# होली मिलन के साथ अपनापन रसोई सुखद : अंकुर गोयल



**गाजियाबाद, करंट क्राइम।** होली मिलन के पावन अवसर पर श्री हनुमंत रसोई सेवा का शुभारंभ अंकुर गोयल सुपुत्र स्वर्गीय नानक चंद गोयल के द्वारा किया गया। रामचंद्र गोयल अपनापन रसोई सेवा को आरंभ करने वाले समाजसेवी थे। आज की रसोई सेवा में नोएडा से लवकेश गोयल अध्यक्ष व्यापारी सुरक्षा फोरम नोएडा महानगर भी उपस्थित रहे। होली मिलन पर माथे पर चंदन लगाकर एक-दूसरे का स्वागत किया गया। इस मौके पर सुदेश रानी, रेखा गुलाटी, आरके गोयल, अशोक कुमार गोयल, विपुल अग्रवाल मंत्री प्रतिनिधि एवं अशोक कुमार शर्मा, माया भारती आदि उपस्थित रहे।

# चेकिंग के दौरान शातिर बदमाश का मुठभेड़ में एनकाउंटर

# तमंचा और कैश बरामद, 12 से अधिक मुकदमे दर्ज



**गाजियाबाद (करंट क्राइम)।** विजयनगर थाना पुलिस ने चेकिंग के दौरान एक शातिर बदमाश को मुठभेड़ में पकड़ा है। पुलिस ने जब बिना नंबर की ग्रे कलर की अपाचे बाइक को रोकने का प्रयास किया, तो बदमाशों ने पुलिस पर फायरिंग शुरू कर दी। जवाबी कार्रवाई में पुलिस की गोली से एक बदमाश घायल हो गया, जबकि उसका साथी मौके से फरार हो गया। घायल बदमाश की पहचान विशाल के रूप में हुई है। वह मूल रूप से मोदीनगर का रहने वाला है और वर्तमान में क्रॉसिंग रिपब्लिक इलाके में रहता है। डीसीपी सिटी राजेश कुमार सिंह के अनुसार, विशाल के पास से चोरी की मोटरसाइकिल, एक तमंचा, जिंदा और खोखा कारतूस तथा नकदी बरामद की गई है।

पूछताछ में विशाल ने खुलासा किया कि वह और उसका साथी सुनसान इलाकों में लोगों को लूटते थे। साथ ही बंद दुकानों और मकानों के ताले तोड़कर चोरी भी करते थे। पुलिस के मुताबिक विशाल पर गाजियाबाद और नोएडा में एक दर्जन से अधिक मुकदमे दर्ज हैं। पुलिस फरार बदमाश की तलाश में जुटी है।

# उद्योग व्यापार मंडल के तत्वावधान में होली मिलन समारोह का आयोजन



**मोदीनगर, करंट क्राइम।** उत्तर प्रदेश उद्योग व्यापार मंडल के तत्वाधान में होली मिलन समारोह का भव्य आयोजन किया गया। जिसमें सैकड़ों की संख्या में व्यापारियों व सामाजिक लोगों ने हिस्सा ले एक दूसरे को होली की शुभकामनाऐं दी। बतौर मुख्य अतिथि के रूप में डॉ0 मंजू शिवाच विधायक ने होाली पर्व की शुभकामनाऐं देते हुये उसके महत्व पर प्रकाश डाला। कार्यक्रम में कवि सम्मेलन दिल्ली से पधारे पंकज गुप्ता व योगेंद्र सुंदरियाल द्वारा सुंदर कविताएं सुनाई गई व राधा कृष्ण की अद्भुत व मनमोहक झांकियां के दर्शन कराए गए। इस अवसर पर नगर पालिका अध्यक्ष विनोद वैशाली, संगठन के जिला अध्यक्ष प्रीतम लाल, प्रदेश मंत्री सतीश अग्रवाल, शहजाद खान, मूलचंद गर्ग, डॉ0 बबली गुर्जर, शेखर, तहसीलदार रजत सिंह, जिला सूचना अधिकारी वाईपी सिंह, आनंद त्यागी, हरीश त्यागी, पूर्व भाजपा जिलाध्यक्ष दिनेश सिंघल, रितु गोयल, सरिता सिंधु, लोकेश वर्मा, डॉ0 अनिल गर्ग, डॉ0 सोनिका जैन, डॉ0 रूप त्यागी, रुचि गुप्ता, सुशील जैन, हरेंद्र शर्मा आदि ने भाग लिया। कार्यक्रम में मुख्य भूमिका निभाने वाले व्यापार मंडल अध्यक्ष अमित गोयल, गोविन्दपुरी अध्यक्ष सत्येंद्र गुप्ता, निर्दोष खटाना, अमितेज जैन, राजेश गुप्ता, नीरज राजपूत, संजीव कौशिक, जगदीश मदान सभासद बलराज गुर्जर, सोनू डमरू, गुलाब सिंह, प्रवीण गुर्जर, रजनीश, लोकेश डोड़ी आदि मौजूद रहें।

## रामनाम लिखी ईंट लगाए जाने को लेकर विवाद गहराया

**मोदीनगर, करंट क्राइम।** नाली वर सड़क निर्माण में राम नाम लिखी ईटें लगाये जाने को लेकर हिंदू संगठनों ने मोर्चा खोल दिया हैं। वही निर्वाण फाउंडेशन के संस्थापक ईश्वर चंद्र ने इस बावत सीएम को पत्र लिखकर कार्यवाही की मांग की हैं। सीएम को प्रेषित शिकायत में आरोप लगाया है कि गांव सीकरीखुर्द के अन्तर्गत संजीवनी स्टेट कालोनी में चल रहे निर्माण कार्य के संबन्ध पूर्व में की गई शिकायत पर निर्माण कार्य रोका दिया गया था, लेकिन नाली से ईटें नही हटवाई गयी। सनातन धर्म के आराध्य भगवान श्रीराम का नाम पूरे जगत में आस्था और विश्वास के साथ पूजा जाता है। श्रीराम नाम लिखी ईटों से नाली निर्माण कार्य कराना सनातन धर्म की आस्था और विश्वास का ये घोर अपमान के साथ ही बेहद निंदनीय है। संस्था ने इस मामले में राम नवमी से पहले कार्यवाही करने की मांग की है। उन्होंने कहा कि उचित कार्रवाई न होने पर सनातनी संगठनों को साथ लेकर धरना प्रदर्शन किया जाएगा। इस अवसर पर संस्था के विधान सभा अध्यक्ष अमित अग्रवाल, नवरसन गुरु, हरेंद्र शर्मा, जोली, भाई विनय गर्ग, नितिन चैधरी, प्रदीप कुमार, अनिल कुमार रोहित चैधरी आदि ने विरोध जताया।

## तगादा करना पड़ा महंगा, युवक घायल

**मोदीनगर, करंट क्राइम।** एक युवक से दो हजार रूपयो का तगादा करने पर विवाद हो गया। तगादा करने वाले युवक के साथ आरोपी पक्ष के लोगों ने मारपीट कर उसे घायल कर दिया ओर जान से मारने की धमकी देते हुये फरार हो गये। पीड़ित युवक ने पुलिस से सुरक्षा की गुहार लगायी हैं। पुलिस ने तीन के खिलाफ मामला दर्ज किया हैं। गांव सैदपुर निवासी गौरव राठी ने दर्ज कराई रिपोर्ट में बताया है कि जब वह गांव के स्कोनर स्कूल के पास खड़ा था, तभी गांव का विवेक अपने साथी दिलु उर्फ दिलशाद के साथ आया। दिलु से दो हजार रुपए का तगादा कर दिया, जिसे लेकर वह गाली गलौच देने लगा ओर मारपीट करनी शुरू कर दी, शोर सुनकर ग्रामीण घटना स्थल पर आ गये ओर उन्हे देख आरोपी पक्ष उसे जान से मारने की धमकी देते हुयें फरार हो गये। पुलिस मामला दर्ज कर जांच शुरू कर दी है।


करंट क्राइम
DIGITAL
COMING SOON
आमना
सामना
संजीव शर्मा
शहर विधायक गाजियाबाद बीजेपी
दीपक भाटी
समाचार संपादक


12 मार्च को रिलीज हो रही है दो पक्के दोस्तों की फिल्म
'कौन है शहर और साहिबाबाद के बीच दीवार'
संजीव शर्मा (विधायक)
आज मैं विधायक हूँ, महानगर अध्यक्ष हूँ, लोकप्रिय हूँ, सांसद अतुल गर्ग जी का चहेता हूँ। मेरे पास दिल्ली और लखनऊ के संबंध हैं। आखिर क्या है तुम्हारे पास।
1
www.currentcrime.com
दैनिक करंट क्राइम
प्रस्तुति
2
पप्पू पहलवान (महामंत्री)
मेरे पास बैकअप के रूप में 'साहिबाबाद विधानसभा' है भाई।
बुरा ना मानो, 12 मार्च को करंट क्राइम वालों की होली है
कॉन्सेप्ट : दीपक भाटी
कला पक्ष : नरेश कुमार शर्मा
जारी है.....

# '12 मार्च को भाजपा वाले से टक्कर लेने की योजना बनाते कांग्रेसी भाई'




# 12 मार्च को तैयार है पूर्व विधायक अमरपाल शर्मा का एंग्रीमैन वाला किरदार




कॉन्सेप्ट : दीपक भाटी
कला पक्ष : नरेश कुमार शर्मा

जारी है.....

# 12 मार्च को आ रहे हैं करंट क्राइम के होली मिलन समारोह में परफॉर्मेंस देने ये धमाकेदार सिंगर




1
**मान सिंह गोस्वामी**
प्यार करने वाले प्यार करते हैं 'मान' से, जीते हैं 'मान' से ...... मरते हैं 'मान' से!




2
**पवन गोयल**
चली-चली रे पवन मेरी चली रे .... चली बादलों के पार, होके डोर पे सवार। सारी दुनिया ये देख-देख जली रे ........




3
**मयंक गोयल**
शिकवा नहीं किसी से, किसे से गिला नहीं ...... नसीब में नहीं था जो, हमको मिला नहीं ... लेकिन इस बार मिलेगा...




4
**प्रेम त्यागी**
समंदर किनारे बैठे हैं.... कभी तो लहर आयेगी.... किस्मत खुले ना खुले साहब, चप्पल तो धुल ही जायेगी।



5
**गोपाल अग्रवाल**
मुझको देखोगे जहां तक... मुझको पाओगे वहां तक... रास्तों से कारवां तक... इस जमीन से आसमां तक ... मैं ही मैं हूं... दूसरा कोई नहीं...



6
**बॉबी त्यागी**
हम तुम एक कमरे में बंद हो... और चाबी खो जाये... तेरे नैनों की भूल-भुलैया में... बॉबी खो जाये...



7
**राजेश त्यागी**
पल भर के लिए कोई मुझे प्यार कर लें.... झूठा ही सही... दो दिन के लिए कोई इकरार कर ले... झूठा ही सही...




8
**प्रदीप चौहान**
हम आपके है कौन ... हम आपके हैं कौन ....

www.currentcrime.com दैनिक करंट क्राइम प्रस्तुति

कॉन्सेप्ट : दीपक भाटी
कला पक्ष : नरेश कुमार शर्मा

www.currentcrime.com दैनिक करंट क्राइम प्रस्तुति

**जारी है.....**

बुरा ना मानो, 12 मार्च को करंट क्राइम वालों की होली है

# टेस्ला की कार खरीदेंगे डोनाल्ड ट्रंप, कहा- कट्टर वामपंथी पागल जानबूझकर मस्क को बना रहे निशाना

**नई दिल्ली ।** अमेरिका के 47वें राष्ट्रपति डोनाल्ड जे. ट्रंप ने मंगलवार को एलान किया कि वह बुधवार सुबह एक नई टेस्ला कार खरीदेंगे। यह फैसला टेस्ला के सीईओ एलन मस्क के प्रति उनके समर्थन के रूप में देखा जा रहा है। ट्रंप ने मस्क की तारीफ करते हुए उन्हें ₹एक सच्चा महान अमेरिकी₹ बताया।





### एलन मस्क के समर्थन में ट्रंप का बड़ा बयान

ट्रंप ने यह घोषणा अपने सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म 'ट्रुथ' पर की। उन्होंने टेस्ला के खिलाफ चल रहे बॉयकॉट प्रयासों की आलोचना करते हुए इसे एलन मस्क पर हमला करार दिया। ट्रंप का कहना है कि टेस्ला और मस्क ने अमेरिका में काफी योगदान दिया है। लेकिन ₹कट्टर वामपंथी पागल लोग₹ जानबूझकर उन्हें निशाना बना रहे हैं।

इस बयान के जरिए ट्रंप ने रिपब्लिकन, कंजर्वेटिव और अपने समर्थकों को मस्क के समर्थन में लामबंद करने की कोशिश की है।

एलन मस्क ने ट्रंप की इस घोषणा पर संक्षिप्त प्रतिक्रिया दी। उन्होंने सिर्फ इतना कहा, ₹धन्यवाद, राष्ट्रपति जी₹। यह बयान ऐसे समय में आया है जब पूरे अमेरिका में टेस्ला के खिलाफ विरोध प्रदर्शन हो रहे हैं। इन प्रदर्शनों की वजह मस्क की डिपार्टमेंट ऑफ गवर्नमेंट एफिशिएंसी (ऊड्त्र्ए) में भूमिका और सरकार की नौकरी में कटौती से जुड़े फैसले माने जा रहे हैं।

टेस्ला के कई प्लांट्स के बाहर लोग पोस्टर लेकर विरोध प्रदर्शन कर रहे हैं और मस्क की नीतियों के खिलाफ नारेबाजी कर रहे हैं। हालांकि, ज्यादातर प्रदर्शन शांतिपूर्ण रहे, लेकिन कुछ टेस्ला फैक्ट्रियों और वाहनों में तोड़फोड़ की घटनाएं भी सामने आई हैं। टेस्ला के शेयरों में भारी गिरावट सोमवार को टेस्ला के शेयरों में भारी गिरावट देखी गई। यह पिछले कुछ वर्षों में सबसे बड़ी गिरावट थी, जहां कंपनी के स्टॉक्स 15 प्रतिशत से अधिक लुढ़क गए। इस गिरावट के पीछे मुख्य रूप से अर्थव्यवस्था से जुड़ी अनिश्चितताएं और ट्रंप द्वारा लगाए गए नए टैरिफ बताए जा रहे हैं, जिनकी वजह से निवेशकों में बेचैनी बढ़ गई। इसके अलावा, वइर ग्रुप एजी के विश्लेषक जोसेफ स्पाक ने टेस्ला की पहली तिमाही और पूरे साल के लिए अनुमान घटा दिए।



## इस्राइली सेना की गोलीबारी में चार लोगों की मौत, 14 लोग घायल

**तेल अवीव ।** गाजा पट्टी में पिछले 24 घंटे में इस्राइली बलों की ओर से की गई गोलीबारी में चार फलस्तीनी मारे गए और 14 अन्य घायल हुए। फलस्तीनी अधिकारियों ने बताया कि गोलीबारी की ये घटनाएं क्षेत्र में इस्राइल और हमास के बीच काफी हद तक प्रभावी संघर्ष-विराम समझौते के बीच हुईं।



इस्राइली सेना ने कहा कि गोलीबारी में दर्जनों फलस्तीनी नागरिक मारे गए, जिन्होंने जनवरी में हुए संघर्ष-विराम समझौते का उल्लंघन करते हुए या तो उसके सैनिकों के करीब आने की कोशिश की या फिर अनधिकृत क्षेत्रों में प्रवेश किया।

इस्राइल ने चरमपंथी समूह हमास पर संघर्ष-विराम समझौते के पहले चरण के विस्तार को स्वीकार करने का दबाव बढ़ाने के लिए गाजा पट्टी में रह रहे 20 लाख से अधिक फलस्तीनियों को सामान और बिजली की आपूर्ति पिछले हफ्ते रोक दी थी। समझौते का पहला चरण एक मार्च को समाप्त हो गया था।

इस्राइल चाहता है कि हमास स्थाई संघर्ष-विराम पर बातचीत के लिए हामी भरने के बदले उसके बाकी बंधकों में से आधे को रिहा कर दे। वहीं, हमास संघर्ष-विराम के अधिक कठिन दूसरे चरण पर बातचीत शुरू करना चाहता है।

## रूस पर यूक्रेन का अब तक का सबसे बड़ा ड्रोन हमला, रुस ने 337 यूक्रेनी ड्रोन मार गिराए

**मॉस्को ।** रूस के रक्षा मंत्रालय ने मंगलवार को बताया कि यूक्रेन ने बीती रात रूस पर 337 ड्रोन से हमला किया, जिसे रूसी वायु रक्षा प्रणाली ने नाकाम कर दिया। यह तीन साल में रूस पर हुआ सबसे बड़ा ड्रोन हमला माना जा रहा है। इस पर मॉस्को के मेयर सर्गेई सोब्यानिन ने बताया कि रूसी सुरक्षा बलों ने 337 से ज्यादा यूक्रेनी ड्रोन मार गिराए।

### कुर्स्क क्षेत्र में गिराए गए 126 ड्रोन

इस हमले के दौरान कम से कम 11 ड्रोन मॉस्को के आसपास के रामेंस्की और डोमोडेडोवो जिलों में गिराए गए। इस दौरान कई ड्रोन जो मॉस्को की ओर बढ़ रहे थे, उन्हें सुरक्षा बलों ने नष्ट कर दिया। जानकारी के मुताबिक, सबसे ज्यादा 126 ड्रोन कुर्स्क क्षेत्र में गिराए गए, जो यूक्रेन सीमा से सटा हुआ है। वहीं मॉस्को क्षेत्र में कुल 91 ड्रोन नष्ट किए गए। इस हमले में अन्य प्रभावित क्षेत्र बेलगोरोड, ब्रांस्क, वोरोनेझ, कलुगा, लिपेत्स्क, निजनी नोवगोरोड, ओर्योल और रियाजान हैं।





### कई इलाकों में हवाई उड़ानों पर लगाई गई रोक

मॉस्को के मेयर ने आगे बताया कि, डोमोडेडोवो, व्नुकोवो, शेरेमेत्येवो और झूकोवस्की हवाई अड्डों पर उड़ानों को अस्थायी रूप से रोक दिया गया। डोमोडेडोवो रेलवे स्टेशन पर ट्रेन सेवा भी अस्थायी रूप से बाधित रही। इस ड्रोन हमले में दो लोगों की मौत और कई लोगों के घायल होने सूचना है, एक इमारत की छत को मामूली नुकसान पहुंचा। यह हमला ऐसे समय हुआ है जब सऊदी अरब में यूक्रेनी प्रतिनिधिमंडल और अमेरिकी राजनयिकों की बातचीत चल रही है। मॉस्को पर हुआ यह हाल के महीनों का सबसे बड़ा हमला बताया जा रहा है।

### हमले को लेकर रूस ने क्या किया दावा

वहीं रूस ने दावा किया कि यूक्रेन ने उसके 10 अलग-अलग इलाकों में 337 ड्रोन हमले किए हैं। यह अब तक का सबसे बड़ा यूक्रेनी ड्रोन हमला माना जा रहा है।

जिसमें में दो लोगों की मौत हो गई और 18 लोग घायल हुए, जिनमें 3 बच्चे भी शामिल हैं। ड्रोन से मॉस्को समेत कई शहरों को निशाना बनाया गया, जिससे कई इमारतों और गाड़ियों को नुकसान पहुंचा।

## अमेरिका के मिसिसिपी में मेडिकल हेलीकॉप्टर दुर्घटनाग्रस्त, तीन लोगों की मौत

**नई दिल्ली ।** अमेरिका में विमान हादसों का सिलसिला जारी है। इस बार मिसिसिपी में एक हेलीकॉप्टर हादसे का शिकार हो गया है। हादसा सोमवार को उस वक्त हुआ, जब एक मेडिकल परिवहन हेलीकॉप्टर दुर्घटना का शिकार हो गया। इस दौरान हेलीकॉप्टर के एक पायलट और दो अस्पताल कर्मियों की मौत हो गई।



### विमान में सवार सभी लोगों की मौत की पुष्टि

यूनिवर्सिटी ऑफ मिसिसिपी मेडिकल सेंटरह्न के प्रवक्ता ने विमान में सवार सभी लोगों की मौत की पुष्टि कर दी है। यूनिवर्सिटी ने पहले दिए गए एक बयान में कहा कि मेडिसन काउंटी में जिस समय यह दुर्घटना हुई, उस वक्त एयरकेयर हेलीकॉप्टर यानी चिकित्सा के कार्य में इस्तेमाल होने वाला हेलीकॉप्टर में किसी मरीज को नहीं ले जाया जा रहा था।

**दुर्घटना का कोई कारण नहीं बताया गया :** हादसे में जान गंवाने वाले तीनों लोगों के परिवारों को सूचित कर दिया गया है, लेकिन अधिकारियों ने गोपनीयता के कारण नाम जारी नहीं किए। यूनिवर्सिटी ने दुर्घटना का कोई कारण नहीं बताया। टेलीविजन स्टेशन डब्ल्यूएपीटी ने बताया कि संघीय विमानन प्रशासन के अधिकारी दुर्घटनास्थल के लिए रवाना हो गए हैं।

यह भी पढ़ें- ट्रंप के टैरिफ युद्ध से वैश्विक बाजार में मंदी की आशंका, वॉल स्ट्रीट में बड़े पैमाने पर हुई बिकवाली 'नायकों के बलिदान को कभी नहीं भूलेगा' मिसिसिपी के गवर्नर टेट रीव्स ने फेसबुक पर एक पोस्ट में कहा, 'यह दुखद घटना मिसिसिपी के चिकित्सा से जुड़े कर्मियों की ओर से उठाए जाने वाले जोखिमों की याद दिलाती है। हमारा राज्य इन नायकों के बलिदान को कभी नहीं भूलेगा।'

## पाकिस्तान में ट्रेन यात्रियों को बनाया बंधक सुरक्षाबलों के छह जवानों को मार गिराने की बात भी कही

**नई दिल्ली ।** पाकिस्तान में एक पूरी ट्रेन हाईजैक होने की खबर सामने आई है। बताया गया है कि बलूचिस्तान की राजधानी क्वेटा से करीब 100 किलोमीटर दूर बोलन स्टेशन पर बलूच लिबरेशन आर्मी (बीएलए) के उग्रवादियों ने ट्रेन को बंदूक के दम पर अगवा कर लिया। ट्रेन में सैकड़ों यात्रियों की मौजूदगी की बात कही गई है। बीएलए ने इस घटना की जिम्मेदारी लेते हुए ऐसे में यह जानना अहम है कि आखिर बलूचिस्तान लिबरेशन आर्मी (बीएलए) क्या है? इस संगठन का क्या इतिहास रहा है? इसका नेतृत्व कौन कर रहा है? इसके अलावा बीएलए के लड़ाकों की विचारधारा क्या है और यह संगठन बीते दिनों में किस तरह पाकिस्तान और चीन को निशाना बना रहा है? आइये जानते हैं... बलूचिस्तान लिबरेशन आर्मी की



स्थापना साल 2000 में हुई थी। गठन के बाद से अब तक बीएलए ने अब तक पाकिस्तान में कई हमलों को अंजाम दिया है।

बीएलए का गठन बलूचिस्तान को पाकिस्तान से अलग स्वायत्त क्षेत्र या अलग देश बनाने के लिए किया गया। इसमें फिलहाल 6000 बलूच लड़ाके जुड़े हैं। करीब सात दशकों से पाकिस्तान में स्वायत्त बलूचिस्तान को लेकर संघर्ष चल रहा है।

## महिला अधिकारों के बढ़ते हनन के खिलाफ बड़ी पहल

**न्यूयॉर्क ।** महिलाओं के अधिकारों के खिलाफ बढ़ते विरोध को देखते हुए संयुक्त राष्ट्र के 193 सदस्य देशों ने सोमवार को लैंगिक समानता को तेजी से हासिल करने के लिए ठोस कदम उठाने का संकल्प लिया। इसे लेकर संयुक्त राष्ट्र महिला आयोग (सीएसडब्ल्यू) की बैठक में महत्वपूर्ण घोषणा की गई है। संयुक्त राष्ट्र के महिला स्थिति आयोग की वार्षिक बैठक के दौरान एक राजनीतिक घोषणा को सर्वसम्मति से मंजूरी दी गई।



इस साल की घोषणा विशेष रूप से महत्वपूर्ण रही क्योंकि यह 1995 में बीजिंग महिला सम्मेलन की 30वीं वर्षगांठ के मौके पर आई है। जिस ऐतिहासिक सम्मेलन में 189 देशों ने महिला सशक्तिकरण और समानता के लिए 150-पन्नों की कार्ययोजना को मंजूरी दी थी। हालांकि, 30 साल बाद भी कोई भी देश पूरी तरह से लैंगिक समानता हासिल नहीं कर पाया है। महिला अधिकारों पर बढ़ता विरोध और चिंताएं संयुक्त राष्ट्र की महिला एजेंसी की हाल ही में आई रिपोर्ट के अनुसार, 2024 में करीब 25% देशों ने महिला अधिकारों के खिलाफ विरोध की सूचना दी। मामले में एजेंसी की नीति और कार्यक्रम निदेशक सारा हेंड्रिक्स का कहना है कि वास्तविक संख्या इससे भी अधिक हो सकती है क्योंकि कई देश इस मुद्दे को खुलकर स्वीकार नहीं करते।

## सऊदी में अमेरिका-यूक्रेन की बातचीत, रूस से सीमित युद्धविराम के प्रस्ताव समेत इन मसलों पर मंथन

**जेद्दा ।** यूक्रेन और अमेरिका के बीच मंगलवार को सऊदी अरब में एक महत्वपूर्ण बैठक हो रही है, जिसमें यूक्रेन युद्ध खत्म करने के लिए सीमित संघर्षविराम का प्रस्ताव रखेगा। मामले में यूक्रेनी अधिकारियों ने बताया कि यह संघर्षविराम काला सागर क्षेत्र और लंबी दूरी की मिसाइल हमलों को रोकने पर केंद्रित होगा। इसके साथ ही, यूक्रेन युद्ध में पकड़े गए कैदियों की रिहाई पर भी चर्चा करेगा।



इस बैठक का मुख्य उद्देश्य यूक्रेन और रूस के बीच जारी तीन साल पुराने युद्ध को खत्म करने के लिए कूटनीतिक समाधान खोजना है। इसके अलावा, यूक्रेन और अमेरिका के बीच यूक्रेन की दुर्लभ खनिज संपदाओं तक अमेरिका की पहुंच के लिए एक समझौते पर भी हस्ताक्षर हो सकते हैं। बता दें कि, अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप इस समझौते को लेकर खास रुचि रखते हैं।

### यूक्रेन क्यों दिखा रहा है बातचीत में दिलचस्पी

यूक्रेन के राष्ट्रपति वोलोडिमीर जेलेंस्की और अमेरिकी राष्ट्रपति ट्रंप के बीच 28 फरवरी को वाशिंगटन में हुई बैठक काफी तनावपूर्ण रही थी। इस विवाद के कारण अमेरिका की तरफ से यूक्रेन को दी जा रही सैन्य और खुफिया सहायता रोक दी गई थी। अब इस सहायता की बहाली के लिए यूक्रेन अब कूटनीतिक रास्ता अपना रहा है और संघर्षविराम की पेशकश कर रहा है।

यूक्रेन की ओर से राष्ट्रपति जेलेंस्की की टीम, जिसमें प्रमुख सलाहकार एंड्री यरमाक, विदेश मंत्री एंड्री सिबिहा और रक्षा मंत्री रुस्तम उमेरोव शामिल हैं। वहीं अमेरिका की ओर से बैठक का नेतृत्व विदेश मंत्री मार्को रूबियो करेंगे, जिनके साथ राष्ट्रीय सुरक्षा सलाहकार माइक वॉल्ट्ज भी मौजूद है।

### जेलेंस्की और सऊदी क्राउन प्रिंस की मुलाकात

इस बैठक से पहले यूक्रेन के राष्ट्रपति जेलेंस्की ने सऊदी अरब के क्राउन प्रिंस मोहम्मद बिन सलमान से मुलाकात की। जिसके बाद जेलेंस्की ने कहा, 'हमने युद्ध समाप्त करने और स्थायी शांति स्थापित करने के लिए जरूरी शर्तों पर विस्तृत चर्चा की। सऊदी अरब इस वार्ता के लिए एक अहम मंच बना हुआ है और यूक्रेन इसका आभार व्यक्त करता।

## पीएम ने मॉरीशस के राष्ट्रपति को भेंट किया महाकुंभ का पवित्र जल, मखाना और सदेली बॉक्स भी उपहार में दिए

**पोर्ट लुईस ।** प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने मंगलवार को मॉरीशस के राष्ट्रपति धरम गोखूल को महाकुंभ का पवित्र संगम जल भेंट किया। इस जल को एक पीतल और तांबे के बर्तन में रखा गया था। प्रधानमंत्री ने गोखूल की पत्नी बृंदा गोखूल को प्रसिद्ध बनारसी साड़ी भी भेंट की।

दो दिवसीय दौरे पर मॉरीशस पहुंचे मोदी ने गोखूल को बिहार का प्रसिद्ध खाना 'मखाना' भी उपहार में दिया। उन्होंने बृंदा गोखूल को एक सदेली बॉक्स में साड़ी भेंट की। सदेली बॉक्स गुजरात की परंपरागत कारीगरी का प्रतीक है। सदेली बॉक्स कीमती साड़ियों, आभूषणों या वस्तुओं को रखने के लिए डिजाइन किया गया है।

**गोखूल से पहले अपने मॉरीशस के समकक्ष से मिले पीएम :** राष्ट्रपति गोखूल से मुलाकात से पहले प्रधानमंत्री ने अपने समकक्ष नवीनचंद्र रामगुलाम से मुलाकात की और दोनों नेताओं ने सर सीवूसागर बॉटनिकल गार्डन में एक पौधा लगाया।





### हवाई अड्डे पर गर्मजोशी से हुआ स्वागत

विदेश मंत्रालय के प्रवक्ता रणधीर जायसवाल ने कहा, इससे पहले मॉरीशस पहुंचने पर हवाई अड्डे पर प्रधानमंत्री मोदी का गर्मजोशी से स्वागत किया गया। पीएम मोदी ने आखिरी बार 2015 में मॉरीशस का दौरा किया था। उनके मॉरीशस के समकक्ष रामगुलाम और अन्य नेताओं ने उनका औपचारिक स्वागत किया। जायसवाल ने एक्स पर एक पोस्ट में कहा, यह भारत और मॉरीशस की दोस्ती को दशार्ता है।

**पीएम मोदी ने सीवूसागर रामगुलाम को दी श्रद्धांजलि :** प्रधानमंत्री मोदी ने सीवूसागर रामगुलाम को श्रद्धाजंलि दी और फिर राष्ट्रपति से मुलाकात की। इसके बाद वह राजकीय भोज में शामिल होंगे।

## अंतरिक्ष में 62 घंटे की स्पेसवॉक और बागवानी सुनीता विलियम्स ने अनोखे सफर के साथ रचा इतिहास

**नई दिल्ली ।** नासा की भारतीय मूल की अंतरिक्ष यात्री सुनीता विलियम्स ने अंतरिक्ष में फंसे होने के बाद लगातार इतिहास रचती जा रही हैं। सुनीता विलियम्स पिछले जून से अंतरराष्ट्रीय अंतरिक्ष स्टेशन (आईएसएस) पर हैं। इस दौरान उन्होंने 900 घंटे से अधिक शोध कार्य किए और कई अद्भुत प्रयोगों में हिस्सा लिया।

### 62 घंटे की स्पेसवॉक और कमांडर बनने की उपलब्धि

अब तक अंतरिक्ष में 600 से अधिक दिन बिता चुकीं 59 वर्षीय सुनीता विलियम्स ने 62 घंटे 9 मिनट तक स्पेसवॉक किया, जो किसी भी महिला अंतरिक्ष यात्री की तरफ से किया गया सबसे लंबा समय है। उन्होंने 16 और 30 जनवरी को दो महत्वपूर्ण स्पेसवॉक किए, जिनमें से एक 5 घंटे 26 मिनट और दूसरा 6 घंटे का था। इतना ही नहीं, उनके मिशन के दौरान उन्हें आईएसएस का कमांडर भी बनाया गया, जो किसी भी अंतरिक्ष यात्री के लिए बहुत बड़ी जिम्मेदारी होती है। आईएसएस को मानव इतिहास का सबसे महंगा इंजीनियरिंग प्रोजेक्ट माना जाता है, जो पिछले 25 वर्षों से लगातार सक्रिय है।



### 8 दिन का मिशन, महीनों तक बढ़ा

सुनीता विलियम्स और उनके साथी एस्ट्रोनॉट बुच विलमोर ने 5 जून 2023 को बोइंग स्टारलाइनर अंतरिक्ष यान से उड़ान भरी थी और अगले दिन आईएसएश पर पहुंचे थे। यह मिशन सिर्फ 8 दिन का होना था, लेकिन तकनीकी खराबियों, स्पेस डेब्री (अंतरिक्ष मलबे) और हीलियम लीक जैसी समस्याओं के कारण यह महीनों तक बढ़ता चला गया। हालांकि, नासा ने संकेत दिया है कि सुनीता विलियम्स कुछ हफ्तों में धरती पर लौट सकती हैं। अंतरिक्ष में क्या कर रही हैं सुनीता विलियम्स? अंतरिक्ष यान को पायलट करना और परीक्षण करना

उन्होंने आईएसएस जाते समय बोइंग स्टारलाइनर को पायलट किया, जिसे बनाने में उन्होंने खुद योगदान दिया था। वह पहली महिला अंतरिक्ष यात्री बनीं, जिन्होंने एक अंतरिक्ष कैप्सूल का परीक्षण किया। आईएसएस की सफाई और मरम्मत उन्होंने और उनके साथी ने आईएसएस के पुराने उपकरणों को बदला, रखरखाव किया और ढेर सारे कचरे को पृथ्वी पर वापस भेजा।

900 घंटे से ज्यादा वैज्ञानिक अनुसंधान नासा के अनुसार, सुनीता विलियम्स और उनकी टीम ने 150 से अधिक वैज्ञानिक प्रयोगों पर 900 घंटे से अधिक शोध कार्य किया।

अंतरिक्ष में वेट ट्रेनिंग और स्वास्थ्य परीक्षण आईएसएस पर शून्य गुरुत्वाकर्षण के कारण शरीर पर असर पड़ता है, इसलिए उन्होंने वजन प्रशिक्षण और शारीरिक व्यायाम किए। हालांकि इस दौरान कुछ अफवाहें आई थीं ।


12 मार्च को रिलीज हो रही है ब्लाकबस्टर मूवी
'विकास की आंधी लायेंगे, मेरे जय-वीरू जरूर आयेंगे'
प्रवीण चौधरी (वीरू)
मेरे भाई जय! शहर में विकास की गंगा तभी बहेगी, जब तुम कार्यकारिणी उपाध्यक्ष उर्फ डिप्टी मेयर बनोगे। चलो मौसी के निकट मजबूत करने अपना विकेट।
2
www.currentcrime.com
दैनिक करंट क्राइम प्रस्तुति
1
राजीव शर्मा (जय)
मेरे वीरू मेरे भाई! शहर में विकास की आंधी तभी आएगी, जब तुम जीडीए बोर्ड मेम्बर बनोगे। चलो मौसी के पास लेकर अपने दिल की बात।
बुरा ना मानो, 12 मार्च को करंट क्राइम वालों की होली है


12 बीघे में कहां है दाना, 12 मार्च भूल न जाना
www.currentcrime.com
दैनिक करंट क्राइम प्रस्तुति
सुनील यादव
मेरा तो अजीत भाई की कृपा से ठीक है माय डियर नागर। हमेशा करते हो ऐसी बात जैसे भर रहे हो गागर में सागर। अगर ऐसे ही चलता रहा तुम्हारी राजनीति का तराना, फिर नहीं बचेगा 12 बीघे में दाना। इसलिए जरूरी है अब पहलवान की तरह तुम्हारा कमांडर का दोस्त हो जाना।
2
सुरेंद्र नागर
माय डियर रेड फेस मैन। हम दोनों की राजनीति के बारह बीघे में कितना दाना शेष नजर आ रहा है।
1
बुरा ना मानो, 12 मार्च को करंट क्राइम वालों की होली है
कॉन्सेप्ट : दीपक भाटी
कला पक्ष : नरेश कुमार शर्मा
जारी है.....


12 मार्च के लिए शुरू हुई जनसमर्थन की अनूठी मुहिम!
www.currentcrime.com
दैनिक करंट क्राइम प्रस्तुति
www.currentcrime.com
दैनिक करंट क्राइम प्रस्तुति
बारह मार्च
12 मार्च
बारह मार्च
12 मार्च
बुरा ना मानो, 12 मार्च को करंट क्राइम वालों की होली है
कॉन्सेप्ट : दीपक भाटी
कला पक्ष : नरेश कुमार शर्मा
जारी है.....

# दिल के शिकवे फिर कभी सुना लेना यारा
# पहले आने तो दो तारीख 12




# 12 मार्च के लिए क्यों रख दी त्यागी जी ने ओबीसी की डिमांड




बुरा ना मानो, 12 मार्च को करंट क्राइम वालों की होली है

कॉन्सेप्ट : दीपक भाटी
कला पक्ष : नरेश कुमार शर्मा

जारी है.....

# वेस्ट फाइनेंसिंग इन इंडिया सिटीज कार्यक्रम में नगर आयुक्त ने ट्रिपल आर मुहिम को साझा किया

## सी40 सिटीज के आयोजित कार्यक्रम में गाजियाबाद की कार्यशाली को नगर आयुक्त ने किया साझा







**गाजियाबाद, करंट क्राइम।** गाजियाबाद नगर निगम सीमा अंतर्गत नगर आयुक्त विक्रमादित्य सिंह मलिक के नेतृत्व में चल रहे ट्रिपल आर, वेस्ट से बेस्ट तथा कचरे से आय मुहिम को दिल्ली होटल ललित में आयोजित सी40 सिटी की कार्यशाला में साझा किया गया, जिसमें नगर आयुक्त द्वारा उपस्थित 40 सिटी के नगर निकायों के समक्ष गाजियाबाद नगर निगम द्वारा कचरा निस्तारण तथा ठोस अपशिष्ट प्रबंधन हेतु किया जा रहे कार्यों को भी विस्तार से बताया गया जिसमें ट्रिपल आर की प्रशंसा हुई मौके पर अपर नगर आयुक्त अवनींद्र कुमार भी उपस्थित रहे। नगर आयुक्त द्वारा बताया गया कि वेस्ट फाइनेंसिंग इन इंडिया सिटीज वर्कशॉप में प्रतिभाग किया गया, उद्यान तथा स्वास्थ्य विभाग की संयुक्त टीम द्वारा गाजियाबाद में वेस्ट से इस्तेमाल करते हुए जो म्यूजिकल कलाकृति बनाई गई है। उनको कार्यशाला में विशेष रूप से साझा किया गया। इसके अलावा गाजियाबाद नगर निगम द्वारा ठोस अपशिष्ट प्रबंधन में किया जा रहे कार्यों को भी साझा किया गया मौके पर सी 40 सिटीज से धीरज टेक्निकल एडवाइजर डीआर मनजोत सिंह अहलूवालिया ग्लोबल मैथन हब से, प्रतिमा हेड वेस्ट एंड रिसोर्स ठक्वअसे वर्षा एग्जीक्यूटिव इंजीनियर रहट प्रोजेक्ट नगर निगम मुंबई से पैनल में उपस्थित रही। नगर आयुक्त की प्लानिंग के क्रम में लगातार पूरे देश में गाजियाबाद नगर निगम की योजनाओं की चर्चा हो रही है जिसमें समस्त विभागों को भी मोटिवेशन मिल रहा है।

# ऑल इंडिया वूमेन्स कॉन्फ्रेंस संस्था ने धूमधाम से मनाया अंतर्राष्ट्रीय महिला दिवस






**साहिबाबाद (करंट क्राइम)।** मंगलवार को ऑल इंडिया वूमेन्स कॉन्फ्रेंस गाजियाबाद ब्रांच के द्वारा अन्तरराष्ट्रीय महिला दिवस धूमधाम से मनाया गया। कार्यक्रम में सूरज पाल फाउंडेशन फॉर हेल्थ एंड कल्चर और निशु गैलरी फाउंडर निशा शंकर ने इन्होंने संस्था के साथ विशिष्टअतिथि और संस्था की एग्जीक्यूटिव मेंबर्स को ट्राफी और मैडल रूपी ज्वेलरी से सम्मानित किया। अध्यक्षा किरन श्रीवास्तव ने कहा कि 25 साल से हम लगातार अन्तरराष्ट्रीय महिला दिवस आयोजित करते आ रहे है। इसमें रंगारंग कार्यक्रम प्रस्तुत किये गए। जैसे फैन्सी ड्रैस भूत,किन्नर, शंकर पार्वती,,महिला शक्ति का रूप,ओ री चिरैया होलिया में उडेल रे गुलाल, मेरे अगने में तुम्हारा क्या काम है ,महाकुंभ का मंचन किया इस तरह के रंगारंग कार्यक्रम आयोजित किये गए। इस मौके पर पार्षद प्रतिमा शर्मा, पूर्व पार्षद आशा भाटी, गीता शर्मा, निशा शंकर, संगीता श्रीवास्तव, शिखा गर्ग, रेनू सिंह, अर्चना गर्ग, बिमला सिन्हा, सुधा गुप्ता, मृदुल अग्रवाल के सदस्य भी शामिल हुई। एनजीओ सूरजपाल कार्यकर्ता ओमवती सिंह, बिनीता शर्मा और अद्विका दहिया ने भी कार्यक्रम में भाग लिया।

# शालीमार मंडल के होली मिलन समारोह में पहुंचे कैबिनेट मंत्री सुनील शर्मा





**साहिबाबाद (करंट क्राइम)।** मंगलवार को शालीमार मंडल द्वारा सी ब्लॉक शालीमार गार्डन में होली मिलन का कार्यक्रम का आयोजन किया गया। कार्यक्रम में मुख्य अतिथि के रूप में कैबिनेट मंत्री सुनील शर्मा मौजूद रहे। और कार्यकर्ताओं के साथ फूलों की होली खेली और कार्यकताओं का उत्सव बढ़ाया। कैबिनेट मंत्री सुनील शर्मा ने कहा होली का त्यौहार एक दूसरे के साथ मिलजुल कर मानना है। इस मौके पर क्षेत्रीय उपाध्यक्ष श्री मानसिंह गोस्वामी, पूर्व मंडल अध्यक्ष राजन आर्य, पवन रेड्डी, मंडल अध्यक्ष अशोक भाटी, पार्षद कालीचरण पहलवान, पार्षद रवि भाटी, मंडल अध्यक्ष बिपिन डागर, मंडल अध्यक्ष आलोक शर्मा, भोला ठाकुर, नीरू शर्मा, सतीश सेन, मनीष, विपिन, नरेश देवरानी, सुरेश तिवारी, मोनू राघव, दलबीर सिंह रावत, सुभाष नागी आदि कार्यकर्ता मौजूद रहे।

# जीडीए ने ओयो होटल एवं व्यवसायिक उपयोग के लिए बनाये जा रहे हॉलनुमा स्ट्रक्चर को किया सील








**गाजियाबाद, करंट क्राइम।** जीडीए उपाध्यक्ष द्वारा अवैध निर्माण पर रोकथाम के लिए कार्यवाही करने के लिए दिये गये सख्त निर्देश तथा मानवाधिकार आयोग में प्राप्त शिकायत के क्रम में आयोग से प्राधिकरण में प्राप्त पत्र सं0-9387/24/31/2023 के अनुपालन में प्रभारी प्रवर्तन जोन-4 के निर्देशन में हापुड रोड पर स्थित आवासीय भवनों में राम शर्मा द्वारा संचालित ओयो होटल 'होटल ब्लू इन', अनुज शर्मा द्वारा संचालित ओयो होटल 'रायल गेस्ट हाउस व होटल' तथा शिक्षा देवी द्वारा संचालित ओयो होटल 'होटल प्लाजा' को मंगलवार को स्थल पर प्राधिकरण पुलिस बल की सहायता से उपरोक्त तीनों ओयो होटलों के संचालन पर प्रभावी रोक लगाने हेतु सील किया गया। साथ ही साथ ब्रहमपाल यादव द्वारा राकेश मार्ग स्थित भूखण्ड सं0-269/7 (400 वर्ग गज क्षेत्रफल) में अवैध रुप से पूर्व निर्मित आंतरिक दीवारों को तोड़कर व्यवसायिक उपयोग हेतु बनाये जा रहे हॉलनुमा स्ट्रक्चर को स्थल पर सील किया गया। उक्त सीलिंग की कार्रवाई के समय प्रवर्तन जोन-4 के सहायक अभियन्ता, अवर अभियन्ता, समस्त सुपरवाइजर तथा प्राधिकरण पुलिस दस्ता उपस्थित रहा।आगामी माह में भी ध्वस्तीकरण/सील की कार्रवाई किये जाने का अभियान जारी रहेगा।

# खुले में शराब पीने वाले 3 घंटे के अभियान में 581 लोग पकड़े



**गाजियाबाद (करंट क्राइम)।** गाजियाबाद में सार्वजनिक स्थानों पर शराब पीने वालों के खिलाफ पुलिस ने बड़ी कार्रवाई की है। पुलिस कमिश्नरेट के तीनों जोन में चलाए गए 3 घंटे के विशेष अभियान में 581 लोगों को गिरफ्तार किया गया। शहर में लगातार शिकायतें मिल रही थीं कि कुछ लोग सार्वजनिक स्थानों पर शराब पीकर राहगीरों को परेशान कर रहे हैं। इसके बाद पुलिस ने शहर, देहात और ट्रांस हिंडन जोन में यह अभियान चलाया। पकड़े गए सभी लोगों को थाने लाया गया। इनका मेडिकल कराने के बाद पुलिस एक्ट की धारा 34 के तहत चालान किया गया। डीसीपी सिटी राजेश कुमार के अनुसार, नगर जोन में सबसे ज्यादा 253 लोगों पर कार्रवाई की गई। इनमें कोतवाली घंटाघर से 52, विजयनगर से 49, सिहानी गेट से 30, नंदग्राम से 56, कवि नगर से 26 और मधुबन बापूधाम से 40 लोग शामिल हैं। डीसीपी रूरल सुरेंद्र नाथ तिवारी ने बताया कि देहात जोन में 182 लोगों के खिलाफ कार्रवाई की गई। इनमें लोनी से 25, ट्रॉनिका सिटी से 15, अंकुर विहार से 14, लोनी बॉर्डर से 18, मसूरी से 18, मुरादनगर से 33, मोदीनगर से 4, निवाड़ी से 8, भोजपुर से 6, वेव सिटी से 12 और क्रॉसिंग रिपब्लिक से 30 लोग शामिल हैं। पुलिस के मुताबिक इस अभियान में युवा से लेकर बुजुर्ग तक शामिल थे। इसको भी जोड़ लेडीसीपी ट्रांस हिंडन निमिष पाटिल ने बताया कि इसी तरीके से ट्रांस हिंडन क्षेत्र में भी कार्रवाई की गई। जिसमें कुल 146 लोगों को पकड़ा गया। इनमें से थाना इंदिरापुरम से 30 कौशांबी से 30 खोड़ा से 17 साहिबाबाद से 15 लिंक रोड से 18 शालीमार गार्डन से 16 और टीला मोड़ से 20 लोगों को पकड़ के थाना लाया गया और मेडिकल करवा के 34 पुलिस एक्ट के तहत कार्रवाई की गई।

# 'कोई समझे मुझे दुश्मन तो मेरी हार हो जाए'

# पं. हरप्रसाद शास्त्री की पुण्यतिथि पर हुआ शानदार कवि सम्मेलन

## चार रचनाकार और बारह मेधावी विद्यार्थी किए गए सम्मानित



**गाजियाबाद, करंट क्राइम।** दशकों पहले गाजियाबाद में कवि सम्मेलनों की शुरूआत करने वाले पंडित हर प्रसाद शास्त्री की पुण्यतिथि पर कवि सम्मेलन एवं सम्मान समारोह का आयोजन पंडित हर प्रसाद शास्त्री चैरिटेबल ट्रस्ट की तरफ से कवि नगर रामलीला मैदान के जानकी सभागार में किया गया। इस अवसर पर चार रचनाकारों और 12 मेधावी विद्यार्थियों को सम्मानित किया गया।

पत्रकार एवं शायर राज कौशिक के संचालन में हुए इस कार्यक्रम में जितना शानदार पाठ कवियों ने किया, उतने ही जानदार तरीके से श्रोताओं ने सुना और दाद दी। खास बात ये है कि ये सब वो श्रोता थे जो भारत-न्यूजीलैंड क्रिकेट मैच के मोह को छोड़कर गीत कविता गजल सुनने के लिए आए थे। उल्लेखनीय है कि इस महत्वपपूर्ण कार्य के लिए शास्त्रीजी के बेटे जितेंद्र कुमार, बेटी मधु शर्मा और दामाद संजय विशेष रूप से अमेरिका से गाजियाबाद पधारे।

**जितेंद्र कुमार ने शास्त्रीजी के समय के संस्मरण सुनाते हुए उनकी ये पंक्तियां भी पढ़ीं-**

**संकल्पों का संबल लेकर, सौ बसंत तक चलते रहना।**

**बंधु, निभाना इन मूल्यों को, इनका मत अवमूल्यन सहना।**

कार्यक्रम की अध्यक्षता कर रहे हैं विश्व प्रसिद्ध शायर विजेंद्र सिंह परवाज को की गजल को खूब सराहा गया। राज कौशिक की गजल बहुत पसंद की गई। गुलावठी ओज के रचनाकार डॉ अर्जुन सिसोदिया ने खूब रंग जमाया। कवयित्री अंजू जैन का काव्य पाठ भी बहुत पसंद किया गया। मेरठ से आए गीतकार मनोज कुमार मनोज का अंदाज लोगों को बहुत पसंद आया। पिलखुवा से आए कवि डा. सतीश वर्धन के मुक्तक बहुत सराहे गए। अमेरिका से आईं शास्त्रीजी की बेटी कवयित्री मधु शर्मा ने पिता को समर्पित की रचना और खूब वाह-वाही पाई। युवा कवि संकल्प जैन भी खूब जमे। दिल्ली से आईं कवयित्री कल्पना शुक्ला को भी खूब सराहना मिली।

समारोह में कवि विजेंद्र सिंह परवाज, डॉ अर्जुन सिसोदिया, संकल्प जैन और कल्पना शुक्ला, मधु शर्मा (अमेरिका) और श्री सनातन धर्म इन्टर कॉलेज के 6 छात्रों अभिषेक गुप्ता, अंकुश, अमन कश्यप, तन्मय शुक्रालय, प्रियांशु व कुणाल साईं एवं कन्या वैदिक विद्यालय इन्टर कॉलेज की 6 छात्राओं (सुनीता, स्नेहा सिसोदिया, सिया, गरिमा सैनी, मधु बाला व पारुल समानिया) को हर प्रसाद शास्त्री चैरिटेबल ट्रस्ट की तरफ से शास्त्रीजी के नाम के पुरस्कार देकर सम्मानित किया गया।

पूर्व विधायक कृष्णवीर सिरोही, पूर्व दर्जा प्राप्त राज्य मंत्री बालेश्वर शर्मा, भाजपा के वरिष्ठ नेता पृथ्वी सिंह कसाना, पार्षद अजय शर्मा और उत्थान समिति के संयोजक सत्येंद्र सिंह विशेष अतिथि के रूप में उपस्थित रहे। ट्रस्ट के कोषाध्यक्ष अरुण कुमार ने अतिथियों का स्वागत किया।

# फिटनेस का डोज, आधा घंटा रोज...

# पार्षद कुसुम मनोज गोयल के प्रयासों से ओपन जिम की शुरुआत



**साहिबाबाद, करंट क्राइम।** वैशाली सेक्टर 1 स्थित बद्रीनाथ पार्क में (टंकी वाला पार्क) क्षेत्रीय पार्षद कुसुम मनोज गोयल के प्रयासों से नगर निगम द्वारा ओपन जिम लगवाया गया। इसका शुभारंभ वरिष्ठ पत्रकार मधु श्रीवास्तव एवं समाजसेवी बीएस चौहान द्वारा नारियल फोड़ कर किया गया। इस अवसर पर क्षेत्रवासियों द्वारा पार्षद का आभार प्रकट किया गया। क्षेत्र में चल रहे लगातार विकास कार्यों के लिए पार्षद की सराहना की गई। पार्षद ने महापौर सुनीता दयाल, नगर आयुक्त विक्रमादित्य मलिक का आभार प्रकट किया। इस जिम के लगने से आसपास के लोग स्वास्थ्य लाभ ले सकेंगे। इस अवसर पर समाजसेवी सुभाष शर्मा, भाजपा नेता अवधेश कटियार, हरिओम गुप्ता, शिव शंकर उपाध्याय, मंगल सिंह, पवन गोसाई, के एल शर्मा, के एस जसवाल, नरेंद्र वर्मा, एम पी पाठक, राजेश ओझा, प्रमोद वर्मा, दुष्यंत गौतम, आनंद सिंह पवार, विजय पटवाल पांडे, जसपाल रावत, डॉ वासुदेव थपलियाल, सुरेंद्र प्रसाद थपलियाल, राजू पंजाबी, आनंद सिंह नेगी, सुंदरियाल सहित अन्य व्यक्ति उपस्थित रहे।

# हापुड़ में खाद्य विभाग ने की छापेमारी, मिठाई और डेयरी उत्पादों के 11 सैंपल लिए, 60 किलो दूषित छैना नष्ट



**हापुड़ (करंट क्राइम)।** हापुड़ में होली त्योहार को देखते हुए खाद्य सुरक्षा एवं औषधि प्रशासन विभाग ने बड़ी कार्रवाई की है। मुख्य खाद्य सुरक्षा अधिकारी वी.के. राठी के नेतृत्व में टीम ने जिले के विभिन्न इलाकों में छापेमारी की। टीम ने तगासराय स्थित बिशन मावा भंडार से रबड़ी और खोया के नमूने लिए। यहां से 60 किलो दूषित छैना भी बरामद कर नष्ट किया गया। कबाड़ी बाजार की अशोका नमकीन से नमकीन का सैंपल लिया गया। मदर डेयरी दिल्ली के टैंकर से दूध का नमूना लिया गया, जिसका निर्माण टेरेस्ट्रियल फूड लिमिटेड हसनपुर अमरोहा में होता है। गढ़मुक्तेश्वर के रझैटी गांव में दो रसगुल्ला निर्माण इकाइयों की जांच की गई। पप्पू अली की इकाई से सफेद रसगुल्ले का और लाल मोहम्मद की इकाई से गुलाब जामुन व रसभरी के नमूने लिए गए। ग्राम बड़ौदा सिहानी से खोया और बनखंडा में दो अलग-अलग दुकानों से मिल्क क्रीम और पनीर के नमूने लिए गए। सभी 11 नमूनों को जांच के लिए खाद्य विश्लेषक प्रयोगशाला भेजा जा रहा है। यह कार्रवाई आयुक्त, खाद्य सुरक्षा एवं औषधि प्रशासन, उत्तर प्रदेश लखनऊ के आदेश और जिलाधिकारी के निर्देशन में की गई। टीम में खाद्य सुरक्षा अधिकारी आर.पी. गंगवार, प्रियंक श्रीवास्तव, सोवेन्द्र सिंह पंघाल, आर.पी. गुप्ता और सहरिश सादात शामिल थे।

## सम्मान




**गाजियाबाद (करंट क्राइम)।** विस्डम पब्लिक स्कूल के चेयरमैन प्रमोद कुमार गुप्ता को शिक्षा के क्षेत्र में उनके उल्लेखनीय योगदान के लिए शिक्षमंत्री ने उन्हें सम्मानित किया। प्रमोद कुमार गुप्ता न्यूमरो इंटरनेशनल, मेक्स नंबरिंग कंपनी, न्यूमरेटर्स इंडिया कंपनी के भी निदेशक हैं। वो लंबे समय से क्वालिटी एजुकेशन पर काम कर रहे हैं। उन्हें पूर्व में भी उनकी मेरिटोरियस उपलब्धि पर उन्हें सम्मानित किया जा चुका है।

## चिन्टू जी




**गाजियाबाद (करंट क्राइम)।** चिंटू जी की गुस्ताखियां माफ हों.. नोट : चिंटू जी कॉलम अखबार में ही प्रकाशित होता है। इस किरदार का सोशल मीडिया पर अखबार से अतिरिक्त डाली गई पोस्ट से कोई संबंध नहीं है।

## दैनिक करंट क्राइम पोस्ट ऑफ द डे




**गाजियाबाद (करंट क्राइम)।** रालोद के राष्ट्रीय उपाध्यक्ष सरदार इंदरजीत सिंह टीटू का अंदाज सबसे अलग हट कर होता है। वाहे गुरु जी का खालसा वाहे गुरु जी की फतह के साथ इस पल को उन्होंने फेसबुक पर साझा किया। सरदार इंदरजीत सिंह टीटू की यह पोस्ट बनी करंट क्राइम पोस्ट ऑफ द डे।

# 12 मार्च को रिलीज हो रही है दो बिग सितारों की फिल्म 'तेड़े-मेड़े सपने'

**संजीव शर्मा**
*(शहर विधायक)*

1 मेरे प्रिय बड़े भाई। प्रदेश सरकार में मंत्री मंडल की शान। नदिया पार की आन सुनील शर्मा जी। आज रात 12 बजकर 12 मिनट पर मैंने एक सपना देखा। मुझे सपना आया कि पार्टी शहर और साहिबाबाद सीट से केवल एक ब्राह्मण चेहरे को टिकट दे रही है। मैंने सपने में दिल बड़ा करके पार्टी से कह दिया कि मैं तो कोई और चुनाव भी लड़ लूंगा। आप मंत्री जी को टिकट दे दो। ना जाने मेरा दिल इतना बड़ा कैसे हो गया। वैसे सुना है आधी रात के सपने झूठे और सुबह 5 बजे के बाद के सपने सच होते हैं।




**सुनील शर्मा**
*(कैबिनेट मंत्री)*

2 मेरे प्रिय भगवा कमांडर। जब से तुम 70 हजार के अंतर से विधायक बने हो। तब से मेरा दिल बहुत खुश है। वैसे आज रात 12 बजकर 12 मिनट पर मुझे भी सपना आया। पार्टी ने कहा कि आप कई बार चुनाव लड़ लिए। इस बार एक ब्राह्मण चेहरे को टिकट देना है। मैंने तुरंत तुम्हारी पैरवी कर दी। ना जाने क्यों मेरा दिल भी उस वक्त इतना बड़ा कैसे हो गया। मगर अफसोस ये है कि आधी रात के सपने झूठे होते हैं। मुझे विश्वास है कि मेरा ये सपना भी कभी पूरा नहीं होगा।

# 12 तारीख को पता चलेगा कहां से होता है टिकट...

**ललित जायसवाल**
*(चीफ वॉर्डन सीडी)*

1 भगवा बाऊजीज। क्या आप दोनों बतायेंगे कि क्या ये रास्ता टिकट के लिए किधर जाता है। बहुत ढूंढ लिया। टिकट कहीं से हाथ ही नहीं लग रहा।

**बलदेव राज शर्मा** *(वरिष्ठ भाजपा नेता)*

3 ललित पुत्तर। तुम किस टिकट की बात कर रहे हो, ट्रेन के टिकट की? बस या रेल के टिकट की? कुछ तो क्लीयर करो। हमने तो जवानी में फिल्म 'बेवफा सनम' का टिकट खरीदा था। वो नहीं कटा था। उसके बाद तो टिकट देने वाले सभी सनम बेवफा हो गये।

**जगदीश साधना**
*(वरिष्ठ भाजपा नेता)*

2 ललित पुत्तर। ये रास्ता तो हमारी जवानी से आज तक यहीं है। रही बात टिकट की, उसका इंतजार करते-करते हम यंग से ओल्ड हो गये। सुनो कोई दूसरा रास्ता देख लो। पता चले कुछ दिन बाद तुम्हें भी हमारे साथ इस बेंचपर ना बैठना पड़े।




कॉन्सेप्ट : दीपक भाटी
कला पक्ष : नरेश कुमार शर्मा

जारी है.....

# 12 मार्च को रिलीज हो रही है

## 'आज का क्रांतिवीर'

www.currentcrime.com दैनिक करंट क्राइम प्रस्तुति



**नंदकिशोर गुर्जर** *(विधायक)*

खत्म करने आ रहा हूं मैं एक-एक समस्या। सफल हो गई है मेरी घोर तपस्या। इस तपस्या से प्राप्त हुए हैं मुझे मायावी अस्त्र। अब दिखाई देगा मेरा क्रांतिवीर वाला किरदार। क्योंकि अभी तक चल रहा था विधानसभा सत्र। विरोधी अब रहेंगे मेरे निशाने पर। लगा दूंगा सभी को ठिकाने पर। समुद्र में तपस्या करके मुझे हो गई हैं कई शक्तियां प्राप्त। सिर्फ लोनी नहीं, अब पूरे प्रदेश पर मेरा असर दिखाई देगा।

निर्माता :- नंदकिशोर गुर्जर
निर्देशक :- नंदकिशोर गुर्जर
एक्टर :- नंदकिशोर गुर्जर
म्यूजिक :- नंदकिशोर गुर्जर
एक्शन :- नंदकिशोर गुर्जर
संपादन :- नंदकिशोर गुर्जर

बुरा ना मानो, 12 मार्च को करंट क्राइम वालों की होली है

# छोड़ आए हैं मिस्टर जायसवाल वो गलियां...

## 12 मार्च को खेलेंगे होलियां...

www.currentcrime.com दैनिक करंट क्राइम प्रस्तुति



**वेदप्रकाश गर्ग** *(खादी के आदी)*

टिकट के लिए कौन-सा रास्ता तलाश रहे हो बंधु। मैं अपने तंत्र-मंत्र की शक्तियों से तुम्हें बताना चाहता हूं कि गाजियाबाद में एक शक्तिशाली गर्ग चेहरा है। उन्होंने अपने रास्ते में आने वाले बड़े से बड़े चेहरों के टिकट कटाए हैं। चाहने वालों के टिकट कराए हैं। जाओ गर्ग साहब के पास। वो ही बताएंगे तुम्हें वो रास्ता, जहां से टिकट मिलता है। याद रखना गर्ग के पास जाना है। अग्रवाल के पास नहीं।



**ललित जायसवाल** *(चीफ वार्डन सिटी)*

खादी के आदी बाबा। ये जो मैं टिकट के लिए रास्ता भटका हूं। एक गर्ग सहाब ही इसकी वजह हैं। अगर आप मुझे उन गर्ग साहब का इशारा कर रहे हो तो, वहां से कुछ होने वाला नहीं है। होता तो पहले ही हो जाता। एक बाता बताऊं, आगे भी वहां से मुझे कुछ होने की उम्मीद नहीं है। इस रास्ते के लिए मैंने वो गलियां छोड़ दी हैं। कोई और ऑप्शन है तो प्लीज सजेस्ट मी।

कॉन्सेप्ट : दीपक भाटी
कला पक्ष : नरेश कुमार शर्मा

बुरा ना मानो, 12 मार्च को करंट क्राइम वालों की होली है

जारी है.....

# इनको तो मिल रही है बस 'तारीख पर तारीख'

# मगर आपकी है 12 तारीख




## 12 मार्च के लिए पार्षद कर रहे हैं रंगों का इंतजाम




कॉन्सेप्ट : दीपक भाटी
कला पक्ष : नरेश कुमार शर्मा

जारी है.....


दैनिक समाचार पत्र
करंट क्राइम
होली महोत्सव 3.0
रंग जाओ करंट क्राइम के रंग में
ये करंट क्राइम
वाले न जाने
क्या करके मानेंगे
अभिषेक गर्ग (नाईस बॉय)
आ रही है मस्तानों की टोली, खेलने के लिए होली
12 मार्च को सभी लोग रंग जाओ
दैनिक करंट क्राइम के रंग में
www.currentcrime.com
दैनिक करंट क्राइम प्रस्तुति
मनोज गुप्ता (संपादक)
सजा रहे हैं रंगों का दरबार।
12 मार्च को रहेगा आपका इंतजार।
बुरा ना मानो, 12 मार्च को
करंट क्राइम वालों की होली है
कॉन्सेप्ट : दीपक भाटी
कला पक्ष : नरेश कुमार शर्मा
जारी है.....